फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 43, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 11 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**उप्र खेल नीति, स्क्रैप पॉलिसी, सड़कों के विस्तारीकरण और अयोध्या के विकास से जुड़े मुद्दों समेत कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी**

## योगी कैबिनेट ने कई प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में उप्र खेल नीति, स्क्रैप पॉलिसी, सड़कों के विस्तारीकरण और अयोध्या के विकास से जुड़े मुद्दों समेत कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी है।

कैबिनेट बैठक के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि चार विश्वविद्यालय को आशय पत्र निर्गत करने के संबंध में प्रस्ताव पारित हुआ है। सरकार ने यह निर्णय शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए लिया है। टीएस मिश्रा विवि लखनऊ, फारूख हुसैन विवि. आगरा और विवेक राष्ट्रीय विवि. बिजनौर के अलावा शाहजहांपुर में एक विश्वविद्यालय के लिए आशय पत्र जारी किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अगले साल पहले माह में राम मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा। मंदिर का लोकार्पण होते ही श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। उसे देखते हुए एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक सड़क को दो किमी तक चौड़ीकरण और विस्तारीकरण किया जाएगा। इस पर करीब 65 करोड़ खर्च आएगा। परिक्रमा मार्ग 9.02 किमी सड़क का चौड़ीकरण और विस्तारीकरण किया जाएगा। इसके लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया जाएगा।

चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण और विस्तारीकरण के लिए भी 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रायबरेली-डलमऊ-फतेहपुर मार्ग के लिए 465 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा गृहविभाग के संशोधन प्रस्ताव को



मंजूरी मिली है।

**उत्तर प्रदेश खेल नीति 2023 को मंजूरी मिली**

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खेल नीति 2023 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिली है। इस नीति के तहत कॉलेजों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। सभी जरूरी बातों को ध्यान रखकर यह नीति तैयार की गयी है। युवाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया का आयोजन उत्तर प्रदेश में करने के लिए समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के बच्चों की खेल क्षेत्र में प्रतिभा निखारने के लिए ग्रामीण स्टेडियम और जिम निर्माण के लिए एक नीति बनाई जाएगी। रामनगरी अयोध्या के धार्मिक स्थलों को विकसित किये जाने संबंधी आए प्रस्तावों को भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही 15 साल से पुराने वाहनों को समाप्त करने के लिए उप्र सरकार नई स्क्रैप पालिसी लेकर आएगी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके. शर्मा ने बताया कि इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाने के लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। बाराबंकी, मऊ नाथ भंजन और रायबरेली में कुछ पुरानी बंद पड़ी मिलों की निष्प्रयोज्य जमीनों को उपयोग में लाया जाएगा। इसके लिए आए प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी है।

इन मिलों की देनदारियों को सरकार ने माफ कर दिया है। लगभग 14 करोड़ रुपये की ऐसी देनदारी थी, जिसे माफ नहीं किया जा सकता है, उसे सरकार भरेगी और उन निष्प्रयोज्य जमीनों को नये रोजगार स्थापित करने के उपयोग में लाया जा सकेगा।

### अयोध्या में बड़े पैमाने पर होगा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट

**लखनऊः** अयोध्या में भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। अगले साल के प्रथम माह में इसका लोकार्पण प्रस्तावित है। निश्चत तौर पर मंदिर के आम लोगों के लिए खुल जाने पर यहां पर्यटकों का आगमन बढ़ना तय है। प्रदेश सरकार का अनुमान है कि मंदिर खुलने के साथ ही न सिर्फ प्रदेश से बल्कि पूरे देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। ऐसे में योगी सरकार की मंत्रिपरिषद ने अयोध्या में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।इसके लिए सरकार कुल मिलाकर 465 करोड़ रुपये की राशि खर्च करेगी। बैठक के बाद पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इसके अंतर्गत एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक धर्मपथ के दो किमी. तक चौड़ीकरण विस्तारीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसमें 65 करोड़ का खर्च आएगा। वहीं, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग 9.02 किलोमीटर के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अयोध्या में 14 कोसीय परिक्रमा मार्ग 23.943 किमी को फोर लेन में परिवर्तित करने के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में सुग्रीव का किला, अशर्फी भवन, देवकली छोटी, नागेश्वर धाम, स्वंयवेश्वर नाथ, दंतधवन कुंड, जानकी कुंड, मौनी बाबा आश्रम, सीता कुंड, दशरथ कुंड में फ्लोरिंग, टॉयलेट, विश्रामघर, चाहरदिवारी, गेट, साइनेज, स्तंभ, हॉर्टीकल्चर, विद्युतिकरण का कार्य भी कराया जाएगा।

## नगर निकाय चुनाव : पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को योगी सरकार ने दी मंजूरी

**लखनऊः** नगर निकाय चुनाव को लेकर गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को योगी सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सरकार ने ये निर्णय लिया है। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पांच दिसम्बर को अधिसूचना जारी हुई थी। इसके बाद कुछ याचिकाएं उच्च न्यायालय में दाखिल की गयीं, जिस पर न्यायालय ने आरक्षण की प्रक्रिया को समर्पित आयोग बनाकर जांचने



के आदेश दिये थे। एके शर्मा ने बताया कि 27 दिसम्बर को उच्च न्यायालय का आदेश आया था, जिसके अगले ही दिन 28 दिसम्बर को प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय "उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग" का गठन किया।

### उमेश पाल हत्याकांड : अशरफ के दो और गुर्गे गिरफ्तार

**बरेलीः माफिया अतीक अहमद के भाई पूर्व** विधायक अशरफ को बरेली जिला जेल में मिल रहे वीआईपी ट्रीटमेंट के मामले में जेल के अफसरों पर शिकंजा कस गया है। प्रभारी डीआईजी जेल आरएन पांडेय ने शुक्रवार को किला जेल जाकर मामले की विभागीय जांच की। वहीं बिथरी थाना पुलिस ने अशरफ के गुर्गे पुराना शहर निवासी फुरकान और मीरगंज निवासी राशिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों ने जेल में जाकर अशरफ से कई बार मुलाकात की थी।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशेंगे



**नई दिल्लीः नौसेनाध्यक्ष एडमिरल** आर हरि कुमार ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड के साथ बातचीत की। भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आये मार्क हैमंड का साउथ ब्लॉक लॉन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। दोनों नौसेनाएं रक्षा उद्योग, रक्षा के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। नौसेना प्रवक्ता विवेक मधवाल ने बताया कि ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के साथ भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर 09 मार्च को दिल्ली पहुंचे हैं। वाइस एडमिरल मार्क हैमंड ने आज भारतीय नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार के साथ नई दिल्ली में बातचीत की। वार्ता के दौरान दोनों देशों और नौसेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को मजबूत करने के तरीके, उभरती समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई। इसके अलावा इंडो-पैसिफिक और हिन्द महासागर क्षेत्र में सहयोग और अंतर-क्षमता बढ़ाने की पहल हुई। भारतीय नौसेना कई मुद्दों पर ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के साथ निकटता से सहयोग करती है, जिसमें ऑसिनडेक्स, काकाडू और पी-8 संचालन, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, व्हाइट शिपिंग सूचनाओं का आदान-प्रदान और विभिन्न क्षेत्रों में विषय वस्तु विशेषज्ञों जैसे परिचालन संबंधी बातचीत शामिल हैं। दोनों देशों के बीच प्रतिवर्ष स्टाफ वार्ता के माध्यम से समन्वित

## वायु सेना के लिए खरीदे जायेंगे छह डोर्नियर-228 विमान




**नई दिल्लीः** भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से छह डोर्नियर-228 विमान खरीदे जायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एचएएल के साथ 667 करोड़ रुपये की लागत वाले इस सौदे के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस विमान का उपयोग वायु सेना ट्रांसपोर्ट रोल और परिवहन पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए करेगी। छह विमानों के शामिल होने से सीमावर्ती दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा। भारतीय वायु सेना के बेड़े में हल्के यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 औपचारिक तौर से जनवरी, 2020 में शामिल किये गए थे। तत्कालीन वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने इन विमानों को पालम स्थित वायुसेना स्टेशन में स्क्वाड्रन नंबर 41 ह्यओट्टर्सह्न में शामिल किया था। आईएएफ ने साल 2015 में 14 डोर्नियर-228 विमान खरीदने के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ करार किया था। वायुसेना को पहला विमान 19 नवम्बर, 2020 को सौंपा गया था। इसका निर्यात सेशल्स और मॉरीशस को भी किया गया है। जर्मन कम्पनी डोर्नियर ने 245 और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 125 हल्के यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 विमान बनाए हैं।

वायुसेना के पास इस समय 50 यूटिलिटी विमान डोर्नियर-228 सेवा में हैं। वायुसेना के अलावा इंडियन कोस्टगार्ड और नौसेना भी इन विमानों का इस्तेमाल करती है। अब नए सौदे में 667 करोड़ रुपये की लागत से छह विमानों की नई खेप उन्नत ईंधन-कुशल इंजन के साथ पांच ब्लेड वाले समग्र प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी। यह विमान उत्तर पूर्व के अर्ध-तैयार या लघु रनवे और भारत की द्वीप श्रृंखलाओं से छोटी दूरी के संचालन के लिए अनुकूल हैं।

**3 बेटियों हेमा, रागिनी और चंदा के घर सर्च जारी; दिल्ली में तेजस्वी के घर ईडी पहुंची**

## लालू के करीबियों के 15 ठिकानों पर रेड

**पटना/नई दिल्लीः** लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 15 जगहों पर छापेमारी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पटना में राजद के पूर्व विधायक के अबू दोजाना के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची। देर रात तक यहां भी तलाशी ली जा रही थी। पूर्व एमएलए अबू दोजाना लालू के करीबी हैं। पेशे से बिल्डर हैं। जानकारी है कि लालू यादव की तीन बेटियों के घर भी रेड की गई है। हेमा, रागिनी और चंदा का घर



दिल्ली में है, जिनके घर पर ईडी की टीम मौजूद है। सूत्रों की मानें तो बिहार के उप मुख्यमंत्री और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव के दिल्ली आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची। अबू दुजाना के घर आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी ने रेड मारी है। सुबह 6 बजे ईडी के 12 अफसर उनके घर पहुंचे। छापेमारी के दौरान अबू दुजाना घर की बालकनी में आए और कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक साजिश है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों को घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। दुजाना आरजेडी के पूर्व विधायक हैं। वे सुरसंड से पिछला चुनाव हार गए गए थे।

**लालू यादव के समधी के आवास पर ईडी रेडः** लालू प्रसाद यादव के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद (यूपी) स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने छापा मारा है।

## 'दुनिया ने भारत के आपदा प्रबंधन प्रयासों की भूमिका को पहचाना'

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हाल में तुर्कीये और सीरिया में भूकंप के बाद भारत की तरफ से भेजी गई मदद और बचाव दल के प्रयासों पर कहा दुनिया ने भारत के आपदा प्रबंधन प्रयासों की भूमिका को पहचाना और सराहा है। उन्होंने आपदा जोखिम में कमी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने विज्ञान भवन में राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्लेटफार्म (एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी उपस्थित थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा, हाल में तुर्कियें और सीरिया में भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने जिस तरह से आपदा प्रबंधन से जुड़ी तकनीक और मानव संसाधन का विस्तार किया है, उससे देश में भी अनेक जीवन बचाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की थीम 'बदलती जलवायु में स्थानीय सहनीयता का निर्माण' भारतीय परंपरा से परिचित है क्योंकि यह तत्व कुओं, वास्तुकला और पुराने शहरों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि भारत में आपदा प्रबंधन की व्यवस्था।

## नया भारत गढ़ने में कृषि वैज्ञानिकों की अहम भूमिकाः तोमर

**नई दिल्लीः** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान की अब तक की प्रगति प्रशंसनीय है। चाहे उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना हो, उत्पादकता बढ़ानी हो या जलवायु अनुकूल फसलें उत्पन्न करने की चुनौती हो, हर क्षेत्र में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तोमर ने शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सोसाइटी की 94वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल में परंपरागत खेती के बाद कृषि के क्षेत्र की प्रगति में किसानों के परिश्रम के साथ ही वैज्ञानिकों का अनुसंधान मील का पत्थर




साबित हुआ है। अब तक यह यात्रा संतोषजनक रही है, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए वर्ष 2047 तक अमृत काल की चुनौतियों का समाधान, उन पर विजय प्राप्त करना हमारा लक्ष्य है। तोमर ने कहा कि वर्ष 2047 तक नए भारत को गढ़ने का लक्ष्य है। नए भारत के लिए नया विज्ञान, अनुसंधान, नया कौशल और नया इनोवेशन चाहिए क्योंकि आने वाला कल नए भारत का है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों का 04 लाख करोड़ रु. से अधिक का निर्यात हुआ है, जो अब तक का सबसे अधिक है। आने वाले समय में प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के हमारे उत्पाद दुनिया में और भी ज्यादा लोकप्रिय होने वाले हैं। भविष्य में हमारा निर्यात और बढ़ेगा, ऐसा विश्वास लेकर काम करने की जरूरत है। साथ ही उत्पादन की गुणवत्ता वैश्विक मानकों पर खरी उतरने वाली हो, इसकी चिंता करना होगी। प्राकृतिक खेती पर सरकार का बल है। प्रधानमंत्री मोदी का आग्रह है कि हम प्राकृतिक खेती यानी गाय आधारित खेती करें। वेस्ट टू वैल्थ का काम हो। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा भी अधिक रहे। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट (श्री अन्न) वर्ष है। 18 मार्च को प्रधानमंत्री इसे विधिवत लांच करने वाले हैं।

## केन्द्र ने एच3एन2 के प्रति राज्यों को किया सावधान

**नई दिल्लीः** देश में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को अलर्ट रहने और स्थिति की बारीकी से निगरानी करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्थिति का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्थिति से निपटने के लिए राज्यों के साथ काम कर रही है और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के लिए समर्थन दे रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को रोगियों के वर्गीकरण,



उपचार प्रोटोकॉल और वेंटिलेटर प्रबंधन पर दिशा-निर्देश दिए हैं जो मंत्रालय की वेबसाइट और एनसीडीसी पर भी उपलब्ध हैं। इसे लेकर आईसीएमआर ने एडवाइजरी भी जारी की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस वायरस के मामलों से निपटने वाले स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के टीकाकरण की सलाह दी है। इसके अतिरिक्त, नीति आयोग राज्यों में मौसमी इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा करने और बढ़ते मौसमी इन्फ्लुएंजा मामलों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों, प्रबंधन दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के संदर्भ में 11 मार्च यानि शनिवार को अंतर-मंत्रालयी बैठक बुलाई है।

## पंजाब बजट में न नया टैक्स, न कोई छूट

**स्कूलों का काम मैनेजर देखेंगे, टीचर सिर्फ पढ़ाएंगे**

**चंडीगढ़ः** पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया। इसमें न तो कोई नया टैक्स लगाया गया और न ही किसी तरह की छूट दी गई। राज्य के वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का कुल 1 लाख 96 हजार 462 करोड़ रुपए का बजट पेश किया जो पिछले साल से 26% ज्यादा रहा। 2022-23 में पंजाब का



कुल बजट एक लाख 55 हजार 860 करोड़ रुपए का था। सरकार का सबसे ज्यादा फोकस एजुकेशन और हेल्थ सेक्टर पर रहा। स्कूलों में पहली बार एस्टेट मैनेजर लगाने का ऐलान किया गया जो वहां का रूटीन कामकाज देखेंगे। वित्तमंत्री ने कहा कि एस्टेट मैनेजर लगने के बाद टीचर्स सिर्फ पढ़ाने पर फोकस करेंगे।

### खबर संक्षेप

#### शराबी ने महिला की दीवार ढहाई

**मऊआइमा।** नशे में धुत युवक ने महिला की दीवार ध्वस्त कर दी। जब महिला ने आपत्ति की तो उसे नाना प्रकार की धमकी दी गई।महिला ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनापुर निवासनीय सरिता सरोज पत्नी मानसिंह का आरोप है कि गुरूवार को शाम के समय एक युवक शराब के नशे में धुत होकर आया और दीवार गिरा दी। विरोध करने पर गालियां भी दी और यह भी धमकी दी कि यदि कहीं शिकयत की तो हाथ पैर तोड दूंगा। सरिता देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

#### खुफिया दारू और मीट की दुकानों पर उमड़ी भीड

**मऊआइमा।** क्षेत्र में होलिकोत्सव पर्व शांतिपूर्वक एंव सौहार्द के माहौल में जहां सम्पन्न हो गया वहीं खुफिया शराब और मीट की दुकानों पर भीड उमडी रही। मऊआइमा क्षेत्र में लगभग 160 स्थानों पर होलिका दहन हुआ लोग एक दूसरे का अबीर गुलाल लगा कर शुभकामनाएं देते रहे। वहीं अनेकों स्थानों पर कच्ची खुफिया दारू पीने वालों और मीट की दुकानों पर भीड उमकी रही। बाइकों पर पांच सवारियां बैठ कर स्टंट करते हुए सडकों पर बाइकों को दौडाते रहे। इन स्टंट करने वाले बेखौफ थाना परिसर के बाहर भी सडकों पर बाइकों को दौडाते रहे।

# सरायममरेज में बदमाशों ने अमीन को मारी गोली , इलाज जारी



अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत गोठवां गांव में नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने राजस्व कर वसूली करने जा रहे अमीन पर गोली चला दिया जिससे अमीन गंभीर रूप से घायल हो गया। रमाकांत सरोज पुत्र रामदीन सरोज निवासी ग्राम कोइरौना कालिका बाजार थाना कोइरौना जनपद भदोही उम्र करीब 24 वर्ष हंडिया तहसील में अमीन के पद पर कार्यरत है शुक्रवार की दोपहर में अपने साथी राघवेंद्र कुमार अमीन के साथ बाइक से राजस्व कर वसूली करने के लिए मर्रो गांव जा रहे थे। सिरसा चौराहे से ही सीडी डीलक्स बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनका पीछा कर लिया जैसे ही वह गोठवां गांव के पास पहुंचे थे कि बाइक सवार बदमाशों ने अमीन को गाड़ी रोकने के लिए बोला, अमीन ने गाड़ी नहीं रोकी तो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने अमीन पर गोली चला दिया। रमाकांत सरोज अमीन के दाहिने हाथ में कंधे के नीचे गोली लग गई घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया सूचना मिलते ही एसएचओ सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी एवं तहसीलदार हंडिया आकांक्षा मिश्रा मौके पर पहुंचें तथा डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल अमीन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया भेजा जहां से घायल अमीन को एसआरएन प्रयागराज उपचार हेतु भेजा गया है इलाज जारी है। इंस्पेक्टर सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना किया एवं अपराधियों की तलाश हेतु टीम लगाकर पता किया जा रहा है जल्द से जल्द घटना का पदार्फाश हो जाएगा।

# डॉक्टर के लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत, हंगामा




अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर चिरैया मोड़ बाजार स्थित एक अस्पताल मे प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर पर नशे में आपरेशन करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह मेजा के रामनगर चिरैया मोड़ पर स्थित सुनीता हास्पिटल मे कोमल कुशवाहा पत्नी अरविंद कुशवाहा जो अपने मायके रामनगर माता का पूरा आई हुई थी। जहां प्रसव हेतु रामनगर स्थित सुनीता हॉस्पिटल में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा को गारंटी के तौर पर ठीक करने की बात कही वहीं परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टर शराब के नशे में रहे जिससे जच्चा-बच्चा की मौत हो गई परिजनों के द्वारा हॉस्पिटल के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की गई। वहीं सूत्रों की माने तो उक्त हॉस्पिटल में अक्सर इस तरीके की घटनाएं घटित होती रहती है। परिजनों का आरोप हैं कि डॉक्टर सुनीता श्रीवास्तव के पास कोई भी डॉक्टरी की डिग्री नही है। दूसरे नाम के डिग्री से हॉस्पिटल चला रही हैं। और किन रसूख पैसे के चलते मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस बार क्या कार्रवाई करता है। महिला को इसके पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने हालत खराब देख शहर रेफर कर दिया था लेकिन आशा बहू के चक्कर में उक्त महिला को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया यहां यह घटना घटित हुई है।

## बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फूलपुर।** होली पर्व पर अपने मित्रों से मिलने जा रहे अधेड़ की बोलेरो की टक्कर से मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत बीरकाजी गांव निवासी अनिल कुमार 42 पुत्र राम बहादुर बुधवार होली के दिन दोपहर गांव में ही अपने मित्रों व रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। इफको पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ही तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उसे 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां सिर में गंभीर चोट लगने के कारण चिकित्सकों ने उसे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। एस आर एन के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अनिल कुमार का शव जब गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव वीरकाजी गांव पहुंचा तो होली के त्यौहार में माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अनिल कुमार की पत्नी सरोजा देवी की बारह वर्ष पहले मौत हो गई थी। मृतक के दो पुत्र पंकज व अंकज तथा एक पुत्री मनशा है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों का अभी विवाह नहीं हुआ है।

# तीसरे दिन कपड़ा फाड़ होली में युवाओं ने जमाया रंग

अखंड भारत संदेश

### परदेशियों ने वीडियो काल से उठाया लुत्फ





**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में तीन दिन खेली जाने वाली ऐतिहासिक होली का शुक्रवार को कपड़ा फाल होली के साथ समापन हो गया। कपड़ा फाड़ होली में कस्बे के सैकड़ों युवा शामिल हुए। कस्बे की विभिन्न गलियों में युवाओं की टोली ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। महिलाओं ने मकान की छतों से रंगों की बौछार की। होली के इस अद्भुत मौके पर जो लोग यहां नहीं पहुंच पाए, उन्होंने वीडियो काल के जरिए कपड़ा फाड़ होली का आनंद लिया। होली का पर्व अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय परंपराओं के मुताबिक मनाया जाता है। इसी तरह शंकरगढ़ में भी होली का उत्सव तीन दिन चलता है। प्रथम दिन राजा कोठी में स्थानीय लोगों ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह के साथ होली मनाई। राजा कोठी में पहुंचकर क्षेत्रीय लोगों ने राजा को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। होली के प्रथम दिन से ही क्षेत्र में रंगोत्सव का आरंभ हो गया। शंकरगढ़ कस्बे में तीन दिन चलने वाले होली के पर्व दूसरे दिन भी खूब रंग चला। शुक्रवार को तीसरे दिन कस्बे में कपड़ा फाड़ होली का आयोजन किया गया। डीजे की धुन पर सैकड़ों युवाओं, व्यापारियों के साथ ग्रामीणांचल से आए युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली खेली। सांझ ढलने तक कस्बे की सभी सड़कें रंग-बिरंगी हो गईं। होली के इस मौके पर जो लोग परदेश से यहां नहीं पहुंच पाए, उन लोगों ने वीडियो काल के जरिए होली के इस अद्भुत नजारे का आनंद उठाया। होली के मौके पर गोपालदास गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, इंजीनियर अशोक कुमार गुप्ता, अनूप केसरवानी, रोहित केसरवानी, सुधा गुप्ता, अनुपमा वैश्य, किरन गुप्ता, श्वेता गुप्ता, आस्था सेठी, रंगीता केसरवानी, अपराजिता, मसुरियादीन वर्मा, अविरल केसरवानी, कपिल केसरवानी, के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता,रतन केसरवानी, जय केसरवानी, राजेश केसरवानी, सुजीत केसरवानी, विनीत सेठी, नितेश केसरवानी, मनोज कुमार शामिल हुए और आयोजन को सकुशल संपन्न करवाया।

### न्यूज झरोखा

#### गोपाल जी महाराज के निधन पर शोक सभा



**करछना।** संत परंपरा के प्रमुख स्तंभ अपनी सादगी मृदुभाषिता और उत्तम व्यक्तित्व के आदर्श सच्चा आश्रम अरैल के पूज्य संत गोपाल जी महराज का निधन बहुत दुखदः है। उन्होने अपने चरित्र चिंतन और उत्तम सोच को लेकर सनातन धर्मियों को सदैव मानवता के आदर्शों और मयार्दामय जीवन की प्रेरणा दी।यह बातें जागृति मिशन द्वारा रामपुर में गोपाल जी महाराज के निधन पर आयोजित एक शोकसभा के दौरान संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कही।मिशन के लोगों ने कहा कि जमुनापार महोत्सव सहित क्षेत्र के कई सामाजिक आयोजनों के दौरान उनका दिशा निर्देश और सानिध्य बराबर मिलता रहा।जिसके लिए यमुनापार क्षेत्र और मिशन परिवार उनका सदैव आभारी रहेगा।शोकसभा के दौरान वक्ताओं ने उ?के आदर्श लोकजीवन के साथ-साथ कृतित्व और व्यक्तित्व की प्रशंसा की।दो मिनट का मौन रखते हुए सभी ने मृत आत्मा की शांति और गोलोक में वास करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।इस मौके पर तीरथराज पांडेय,अशोक सिंह,अतुल तिवारी,विजयपाल,योगेंद्र शुक्ल,मनीष तिवारी,सुनील प्रजापति,मनोज दुबे,कमलेश पांडेय,पिंटू गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

#### एसबीआई प्रबंधक को कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**करछना** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज आदरणीय अरूण तिवारी जी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार प्रयागराज महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियों के खिलाफ भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्ग की नीति की ओर आकृष्ट करना चाहते हैं गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्व पूर्ण ढांचे को अडानी समूह को बेंच रही है और एस बी आई और एल आई सी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे गरीब व मध्यमवर्ग के भारतीयों की करोड़ो की बचत जोखिम में है अतः हम कांग्रेस जन इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे मांग करते हैं कि इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को अपने स्तर से आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें जिससे देश के करोड़ो गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके ज्ञापन देने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह उपाध्याय जिला कांग्रेस विवेक पाण्डेय उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी पक ाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष वृजेन्द सिंह ,के पी सिंह एंडो निसार अहमद जी सन्तोष कुमार पटेल शारदा पऱसाद गुरु चरन सरोज मिश्र आशीष कुमार मिश्र आदि रहे।

#### धूमधाम से मनाया गया राचनपुर बघेड़ी में हनुमानजी का वार्षिकोत्सव



**जंघई।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी राचनपुर बघेड़ी गाँव में हनुमान मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीरामचरितमानस पाठ एवं आरती महाप्रसाद का आयोजन किया गया।जिसमें तमाम ग्रामीण क्षेत्रवासियों के साथ मौजूद लोग हरिओम पांडेय, भुवाल पांडेय, कैलाश शुक्ला, अनिल पांडेय, ननकऊ पांडेय, नन्हे पांडेय, गोपाल पांडेय, मातामणि पांडेय, सज्जन मिश्रा, इंद्रमणि, शिवमणि पांडेय, बाबा पांडेय, एडवोकेट रवि प्रताप यादव, लाल प्रताप गुप्ता, जटाशंकर दुबे, राज दुबे, भैरो नाथ पांडेय, बृजभूषण पांडेय, श्याम शंकर, भोलेनाथ, सज्जन शुक्ला, आत्माराम शुक्ला, लाल जी मिश्रा, अशोक मिश्रा, राम अनुज उपाध्याय, रामधर शुक्ला, कप्तान मिश्रा, किसान यादव, उधम यादव, धर्मराज यादव, रमेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, अंकित, लल्ला, अभय बाबा, शुभम, पूजन, श्रद्धा आदि लोग मौजूद रहे ।

#### भाजपा नेता के बड़े पिता जी का हुवा देहान्त

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामपंचायत बरी में समाजसेवी महेन्द्र नाथ पांडेय का दिनांक 9/03/2023 दिन गुरुवार शाम को देहांत हो गया। पांडेय जी का स्वास्थ्य बहुत दिन खराब चल रहा था। बीमारी के वजह से उनकी मृत हो गई। पांडेय जी 85 वर्ष के हो चुके थे। पांडेय जी अपने जीवन काल मे गरीब और जरूरतमंद लोगों का सदा उपकार किये। और उनका धर्म और न्याय के प्रति सदा योगदान रहा।पांडेय जी के भतीज भाजपा नेता शिवा जी पांडेय ने कहा कि बड़े पिता जी हमेशा असहाय और गरीब लोगों का मददत किये। और हम लोग भी उन्हीं के रास्ते पर चलने का कार्य करेंगे। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मृत आत्मा के प्रति एक शोक सभा किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## मेरे साथ मेरे विरोधी भी आए उनको गले लगाऊंगा : वाचस्पति



**घूरपुर।** बारा की जनता और कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार से मेहनत करके 14 दिन में हमें ऐतिहासिक विजय दिलाई उनका मै आभारी हूं। उन्हें मै बारम्बार प्रणाम करता हूं। मै बारा की जनता एवं कार्यकर्ताओ को होली की ढेरो शुभकामनाए देता हूँ। साथ ही मेरे साथ जो विरोधी भी चल रहे है उन्हे भी। मेरे साथ मेरे विरोधी भी आए उनको गले लगाऊंगा,लेकिन पिछले बातों को भूलकर आए। मै विधायक सभी का हूं सभी के लिए कार्य करूंगा। उक्त बातें बारा विधायक डॉ. बाचस्पति ने भारतीय जनता पार्टी,अपना दल,निषाद पार्टी एवं एमवी ग्रुप द्वारा शुक्रवार को गौहनिया के एक गेस्ट हाउस आयोजित विजय दिवस एवं होली मिलन समारोह में कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही। साथ ही चेतया कि यदि कोई कार्यकर्ता या मेरा प्रतिनिधि मेरे नाम का गलत दुरूपयोग करेगा तो उसे वक्सा नही जाएगा। डॉ वाचस्पति ने कहा जब मै बारा मे आया तो कुछ षडयंत्रकारियों ने एसएसटी की अफवाहें फैलाई जिसे जनता ने असफल कर दिया एक वर्ष के कार्यकाल मे किसी के साथ ऐसी कोई घटना नही घटने दिया।विधायक ने जनता और कार्यकर्ताओ से बारा के विकास हेतू सुझाव भी मागें। कार्यक्रम मे फूल अवीर गुलाल की जमकर होली खेली गई। फाल्गुन गीत एंव शेरो शायरी ठंडई के साथ कार्यकताओं ने विधायक संग होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। आयोजक मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला,विजय कुमार उर्फ श्यामू निषाद ,फूलचंद्र पटेल,राकेश पटेल, दीपचंद्र पटेल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, दिनेश प्रजापति,पंकज पांडेय, उमेश शुक्ला, आशीष सोनकर,डॉ अर्जुन आदि ने बड़ी माला पहनाकर विधायक का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बन्दना सिंह, गोकुल सिंह, कुलदीप सिंह पटेल, शिवप्रसाद केसरवानी,अशोक मिश्र, राजमणि पासवान, दिनेश प्रजापति, प्रवीण मिश्र, नरेंद्र देव यादव, राजकुमार पटेल, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, धर्मराज पाल,स्वतंत्र शुक्ला, अनुराधा शुक्ला आदि के साथ भारी संख्या में महिलाएं भी एवं एमवी ग्रुप के टीम एवं कार्यकर्ताओ ने भी जमकर होली खेल एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। गायक रेनू ने होली गीत पर लोगों को खूम झुमाया।

## करछना ब्लाक में होली मिलन समारोह में तिवारी बन्धु के गीतो पर झूमे श्रोता



**करछना।** विकास खंड करछना में आयोजित होली मिलन समारोह के आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने तिवारी बंधुओं के फागुनी बयार के गीतों पर खुद तालियां बटोरी और रंगारंग कार्यक्रम में खुब उडाऐ गुलाल, शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी/ कमलेश द्विवेदी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उपस्थित विधायक करछना पियूष रंजन निषाद एसीपी अजित सिंह चौहान, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, सुरेश पांडेय, डॉ भगवत पांडेय,ति त्रिवेणी पांडे नन्हे खान वीडियो करछना देव कुमार मिथिलेश द्विवेदी दीलिप, धर्म राज सिंह प्रधान कचरी, चंद्र प्रकाश तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, की उपस्थिति में बड़ी संख्या में प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ब्लाक कर्मी होली सामारोह में उपस्थित रहे,रंग पर्व होली के अवसर पर करछना ब्लाक में फगुआ,चौताल की गूंज रही कलाकारों ने फागुनी गीतों से खूब समां बांधी श्रोताओं के लिए मिष्ठान दुधभंगा और ठंडा का दौर लोगों को खूब भा गया,जम कर लोगों ने रसपान किया, और होली के गीतों पर तालियां बटोरी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संपन्न हुआ होली मिलन समारोह

### फाग गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर झूमे लोग



**रत्योरा।** होली पर्व भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है। यह हमें सामाजिक समरसता का संदेश देता है। छुआछूत एवं ऊंचनीच के भेदभाव से हमें आगे बढ़कर समाज को समरस बनाने में मददगार होता है। यह बातें जिला संघ चालक सुरेंद्र नारायण ने कोरांव बाजार के इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुनापार द्वारा आयोजित फागुनोत्सव एवं होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। जिला संघचालक सुरेंद्र नारायण ने भारी संख्या में उपस्थित विचार परिवार के कार्यकताओं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह के जरिए सभी लोग संकल्प लें कि देश के अंदर जो समाज को बांटने एवं विखंडित करने की साजिश चल रही है। इसके विपरीत हम सभी एकजुट होकर समाज में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का माहौल कायम करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में सामाजिक समरसता का संदेश देने का काम कर रहा है। होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल से सभी लोग सराबोर दिखे। एक दूसरे को अबीर गुलाल हराकर गले मिलते हुए होली पर्व की बधाई दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के फागुनोत्सव एवं सांस्कृतिक समारोह को जिला कार्यवाह महेंद्र जिला प्रचारक आलोक सह जिला कार्यवाह अभिषेक एवं शिवेंद्र घनश्याम चतुवेर्दी, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी, भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, अनिल मिश्र, शशि द्विवेदी, नरेंद्र सिंह, रत्नाकर सिंह पटेल, सुभाष सिंह पटेल, भोला पांडेय, यशवंत समेत भारी संख्या में विचार परिवार की कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने संबोधित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# फूलपुर में होली के रंगमहोत्सव में सराबोर रहा ग्रामींणाचल



**फूलपुर।** होली के पावन पर्व पर महंगाई का असर न के बराबर दिखाई दिया। कस्बा से लेकर ग्रामींणाचल के लोग देर रात तक रंगमहोत्सव के रंग में सराबोर रहे। वही होली गीतों के साथ ग्रामीण वाद्य यंत्रों की ताल पर थिरकते रहे। फूलपुर कस्बा सहित क्षेत्र के लिलहट, दरियापुर, मलकापुर, सेफखानपुर, कोड़ापुर, दुलमापुर, भमई हुसामगंज, दीवानगंज, कुतुबपुर, अतरौरा, मैलहन, मैलवन, कोनार, सौरहा आदि गांवों में पुरानी परंपरा के अनुसार लोगो ने एक दूसरे के माथे पर अबीर गुलाल लगाकर गले मिले वही बच्चो ने पिचकारी में रंग भरकर एक दूसरे पर रंगो की बौछार किया तो अधिकांस लोगो ने अपने बड़े बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया । कोड़ापुर गांव में गायक कलाकारो ने होली गीतों सहित बेलवारिया और भक्ति गीतों से लोगो का देर शाम तक मनोरंजन कराया। मौके पर मयंक, मंजू, प्रीति रावत रावत, फरोगुद्दीन उर्फ सूबा, अमरनाथ गौतम, कृष्ण चंद्र गौतम, सुनील कुमार गुप्ता, मोहित कुमार, अखिलेश कुमार, रूप चंद्र, माही रावत, दिब्यांसी, मुकेश कुमार, अनिल कुमार ,कपिल कुमार, रविकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने गीतों का लुफ्त उठाया। पुलिस प्रशासन की टीम सुबह से लेकर देर रात तक क्षेत्र में भ्रमण करती रही जिससे क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न हो सकी।

# होली पर नैनी बाजार में उत्तरी एसपीओ टीम होली को सकुशल संपन्न कराया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** बाजार में होली के तीसरे दिन युवाओं के उल्लास से रंगमय हुआ नैनी बाजार उतरी विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कराया कपड़ा फाड़ होली को सकुशल संपन्न होली पर एसपीओ पुलिस मित्र की टीम पुलिस उपायुक्त यमुनानगर संतोष मीणा एसडीएम करछना गणेश कुमार कनौजिया एवं एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान कोतवाली नैनी अपराध शाखा के मोहम्मद अली एवं सीनियर एसएसआई अजय कुमार सिंह व कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह के आदेशानुसार एवं एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह के निर्देशन में एवं उप प्रभारी परवेज अहमद की अगुवाई में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य नैनी स्टेशन एवं शंकर ढाल पर बैरिकेडिंग कर ड्यूटी पर मुस्तैदी के साथ डटे रहे प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, रवि मिश्रा रविंद्र सिंह वीरेंद्र पटेल संदीप विश्वकर्मा सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल सुरेंद्र गुप्ता, सुशील शर्मा, दीपक जायसवाल, मोहम्मद फिरोज, राकेश सोनकर, प्रदीप कुमार, सुजल केसरवानी, पंकज मलिक, रमेश चंद केसरवानी, दिनेश चंद्र वजी अहमद मो नसीम केसरवानी, संजीव वर्मा, राजीव वर्मा, रमाशंकर चौरसिया, उपेंद्र सिंह, आकाश केसरवानी, अमित सिंह आदि एसपीओ टीम के जवान तैनात रहे।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत

**मेजा रोड।** मांडा थाना के अंतर्गत ग्राम सिकरा में एक 27वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान गवा दी।पुलिस घटना को आत्महत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। बता दे कि मांडा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरा निवासी प्रियंका पत्नी राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार उस दौरान महिला घर में अकेली थी। सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया।

### पुलिस पर लगाया पीटने का आरोप

**प्रयागराज।** मेजा में मांडा थाना क्षेत्र के ऊँचडीह गांव में पुलिस की मिली भगत से जबरन मकान निर्माण कराए जाने के विरोध में मारपीट एवम फर्जी मुकदमे में आरोपी बनाने को लेकर पीड़िता ने मंडलायुक्त का दरवाजा खटखटाया है। पुलिस पर मध्यरात्रि घर मे घुसकर मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़िता ने वीडियो क्लिप भी वायरल कर पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं।पीड़िता सुशीला देवी पत्नी लखन लाल शुक्ला ने प्रयागराज के मंडलायुक्त व पुलिस कमिश्नरेट से लिखित शिकायत करते हुए आरोपित किया है कि उनकी पैतृक जमीन पर पुलिस की मिली भगत से पड़ोसी धर्मप्रकाश, धनन्जय, रामउजगिर, गुपकेश, कमलाशंकर, राजेन्द्र प्रसाद सहित तमाम लोगों द्वारा जबरन मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# डीएम ने परेड ग्राउण्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की व्यस्क पुत्रियों की सामूहिक विवाह योजना की चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सकुशल, भव्य एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों के निर्धारित किए दायित्व, कार्यक्रम में मण्डल के चारों जनपदों के 1100 से अधिक जोड़े बंधेंगे विवाह के बंधन सूत्र में**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को परेड ग्राउण्ड में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की व्यस्क पुत्रियों के दिनांक 13 मार्च, 2023 को परेड ग्राउण्ड, माघ मेला क्षेत्र में सामूहिक विवाह हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सकुशल, भव्य एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर अच्छे ढंग से साफ-सफाई, चूना छिड़काव, पेयजल हेतु स्वच्छ पानी व शौचालयों की व्यवस्था का उत्तर दायित्व नगर निगम को दिया है। पार्किंग की व्यवस्था के लिए पुलिस उपायुक्त यातायात को प्रवेश द्वार तथा निकास द्वार सहित अन्य व्यवस्था को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने आने-जाने तथा पण्डाल आदि स्थानों पर साइनेज आदि की व्यवस्था



किए जाने तथा पीने के पानी, नाश्ता एवं खाने की व्यवस्था के लिए उपश्रमायुक्त को जिला आपूर्तिधिकारी से समन्वय बनाकर किये जाने का निर्देश दिया है तथा एक कंट्रोल रूम की स्थापना एवं हेल्प डेस्क बनाये जाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने विकास खण्डों में सामूहिक विवाह में वर-वधू सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लाने की जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक ब्लाक वाइज एक प्रभारी नियुक्त किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस सहित पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश एवं साउण्ड सिस्टम के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 1100 से अधिक वर/वधुओं का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के लाभार्थी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त यातायात, सिटी मजिस्टेज्ट सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 24 घंटे बाद मिला खदान में डूबे युवक का शव ,परिजनों ने लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**बारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा रूम में उस समय एक परिवार के लिए होली की खुशियां मातम में बदल गई, जब अबीर-गुलाल के साथ होली खेलने के बाद गाँव के बगल में स्थित गहरी खदान में नहाने गए श्यामबाबू आदिवासी उर्फ जंगली (32वर्ष) पुत्र स्व० छेदीलाल अचानक पानी की गहराई में डूबने लगा।आसपास के मौजूद लोगों ने उसे बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन सब असफल रहे।जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और ग्रामीणों को सूचित किया।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी बारा पुलिस को भी दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से डूबे व्यक्ति को तलाशने का काम शुरू किया गया, लेकिन देर शाम तक निराशा हाथ लगी।अगले दिन एसडीआरएफ और गोताखोरों ने फिर तलाशी अभियान चलाया।लेकिन डेढ़-दो घंटे की मशक्कत के बाद भी कोई पता नहीं चला। अंत में छतरगढ़ से बुलाये गए गोताखोरों ने देशी तकनीक की मदद से बमुश्किल 10-15 मिनट में शव को निकाल लिया।शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृत की पत्नी कलावती बेसुध हो गई थी। मृतक श्यामबाबू के दादा बब्बू आदिवासी ने बताया कि मेरा भतीजा गाँव के ही दिल्लू आदिवासी और उसके चाचा के लड़के के कहने पर अपनी पत्नी और बेटी के साथ शहर काम करने गया था।श्यामबाबू राजमिस्त्री था,वह जोड़ाई करता था और उसकी पत्नी, बेटी मजदूरी करते थे।होली के दो दिन पहले दिल्लू और उसके चाचा का लड़का वहां से पैसे पाने के बाद रात में ही घर भाग गए।सुबह होने पर दिल्लू की तलाश में पत्नी, बेटी सहित श्यामबाबू भी अपने गाँव रूम आ गए।होली के त्यौहार पर पैसे लेने के लिए श्यामबाबू और उसकी पत्नी दिल्लू के घर गए थे।दिल्लू ने कहा कल पैसे ले लेना।अगले दिन फिर जाने पर पैसे तो नहीं दिया, लेकिन कुछ वाद-विवाद हुआ।जिसके चलते श्यामबाबू टेंशन में आ गया।घर आकर नहाने-धोने के बाद खाना खाकर लोगों से अबीर-गुलाल से भेंट करने के बाद खदान की ओर चला आया।खदान पर पहले से मौजूद रामबाबू निवासी कोहड़िया ने बताया कि जैसे ही वह खदान से नहाकर वापस लौट रहे थे, वैसे ही श्यामबाबू ने कपड़े उतारकर खदान में छलांग लगाई।कुछ देर बाद ही वह डूबने लगा।जब तक वे लोग उसे बचा पाते,वह गहरे पानी में समा गया।



## वायु सेना में चयनित हुए मुकुल तिवारी

**मेजा रोड।** मेजा के मुकुल तिवारी ने वायुसेना में चयनित हुए और क्षेत्र का नाम रोशन किया। बता दें कि सीएएसबी द्वारा आयोजित वायु सेना एक्स व वाई ग्रुप 2023 की परीक्षा में मेजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुनई गहरपुर के किसान दम्पत्ति श्रीमती सरला तिवारी एवं लवलेश तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र मुकुल तिवारी का चयन एयर मैन (तकनीकी) एक्स ग्रुप के पद पर हुआ है। इस परीक्षा में सफलता अर्जित कर मुकुल तिवारी ने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया है और साथ ही ग्राम पंचायत में पहला वायु सैनिक होने का गौरव हासिल किया है। इस सफलता पर परिवार व गांव में खुशी की लहर है और बधाई देने वालों का तांता लग हुआ है। जिसमें लोग चयनित वायु सैनिक मुकुल तिवारी के साथ उनके माता पिता, बाबा मंगला प्रसाद तिवारी एवं बड़े पिता दया शंकर तिवारी को भी बधाईयां दे रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत के प्रधान पंकज राव एवं मण्डल मंत्री (भाजपा) मेजा संजय तिवारी द्वारा चयनित वायु सैनिक मुकुल तिवारी के घर जाकर बधाई दी गई एवं साथ ही अभिनंदन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आशुतोष मिश्र, अमरेश तिवारी, रविन्द्र तिवारी, संतोष दुबे, जगदीश पाठक, विपुल, आयुष, साक्षी, दिव्या, खुशी आदि लोग शामिल रहे।

### चौकी प्रभारी ने-दो पक्षों में हुए विवाद के मामले को बड़े ही शांति से शांत कराया

**प्रयागराज।** थाना मुट्ठीगंज क्षेत्र के अंतर्गत होली त्यौहार के दिन ही गाड़ी की चाबी निकालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। मुट्ठीगंज क्षेत्र के रहने वाले आशीष कुमार जयसवाल पुत्र स्वर्गी लल्लू लाल जयसवाल निवासी 517 राजा बारा का हाता का रहने वाला है। वही उनके पड़ोस के रहने वाले ऋषभ कुमार केसरवानी से आपस में मामूली सी बात गाड़ी के चाबी के निकालने को लेकर मामला गर्म हो गया था। दोनों ही व्यक्ति मारपीट पर उतारू हो गए मामले को बढ़ता देख आस-पड़ोस के बुजुर्ग ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन दोनों नहीं माने मामला शांत नहीं हुआ तो दोनों पक्ष गऊघाट चौकी पहुंचे। वही चौकी प्रभारी विनय सिंह ने दोनों पक्षों की बातें बड़े ही प्यार से सुनी दोनों पक्षों को समझाया और आपस में बात व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी उन्होंने कहा दोनों पड़ोसी हो एक दूसरे से अखलाक मोहब्बत से मिलजुल कर रहें आखिर मुसीबत के वक्त पड़ोसी ही काम आता है। चौकी प्रभारी विनय सिंह ने दोनों को प्यार से बैठा कर बड़ी नम्रता के साथ समझाया और आपस में प्रेम व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी दोनों पक्ष उनके बात मानते हुए आपस में सुलह कर लिया लिखित में सुलानामा दिया और दोनों पक्ष अपने अपने घर लौट गए दोनों ने कहा अब हमारे बीच कोई ऐसा मामला नहीं और ना हम दोनों कोई कार्यवाही नहीं चाहते।

# दवा के रिएक्शन से अस्सी भेड़ो की मौत, 200 बीमार





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** रहीमापुर में दवा के रिएक्शन वजह से 80 भेड़ों की मौत हो गई है 200 के करीब भेड़ बीमार बताई जा रही है मामले की जानकारी मिलते ही पशुधन विभाग में हड़कंप मच गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार डॉक्टरों की टीम के साथ मौके पर पहुंच बीमार भेड़ों की इलाज में लगे रहे। एसडीएम फूलपुर शुभम श्रीवास्तव, एसीपी थरवई जंगबहादुर यादव भी मौके पर पहुच जरुरी दिशा निर्देश दिया। रहीमापुर निवासी आनंदी प्रसाद पाल व बद्री प्रसाद पाल चाचा भतीजे हैं। दोनों भेड़ पालन से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आनन्दी पाल के पास 200 भेड़ थी तो वही उनके चाचा बद्री प्रसाद की 80 भेड़ थी। दोनों साथ में रखते थे। गुरुवार आनन्दी व बद्री ने भेड़ो को पशु विभाग की ओर से मिले पेट में कीड़े मारने की दवा पिलाई थी। दवा देने के तीन घंटे बाद अचानक बड़ी भेड़ बेहोश होने लगी तो वही छोटे बच्चे मरने लगे। जिसकी वजह से पशुपालक में हड़कमप मच गया। मामले की सूचना स्थानीय पशु डाक्टर को दी गई आरोप है कि मौके पर कोई नही आया। भेड़ मरती रही शुक्रवार को आनन्दी के रिस्तेदार धर्मराज पाल ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। तब आनन फानन में डॉक्टरों की टीम पहुची और बीमार भेड़ो के इलाज में लग गई। तब तक आनन्दी की 45 व बद्री प्रसाद की 35 भेड़ मर गई थी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि दवाओं को तीन से चार गुना ओवरडोज दिया गया है जिसकी वजह से भेड़ों की मौत हुई है। वही एसडीएम फूलपुर मौके पर पहुच डाक्टरो से जानकारी ली और भेड़ पालक को सांत्वना देते हुए कहा कि जो भी मदद हो पाएगी हर संभव मदद आपकी की जाएगी। अब तक हुई भेड़ो की मौत से 7 से आठ लाख का नुकसान बताया जा रहा है। कुछ भेड़ो के पोस्टमार्टम के बाद मरी हुई सभी भेड़ो को दफना दिया गया।

# नैनी में होली के तीसरे दिन भी होलियारों की धूम : नैनी बाजार में डीजे की धुन पर थिरकते हुए खेली गई कपड़ा फाड़ होली



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक नगरी प्रयागराज में रंगों के पर्व होली की अनूठी परंपरा है। दो दिन तो पूरे जनपद में होली खेली जाती है लेकिन तीसरे दिन भी दो बाजारों में होलियारो की टोली रंगों में सराबोर होती है। यमुनापार का नैनी बाजार और पुराने शहर का ठठेरी बाजार, चौक। यहां आज शुक्रवार को भी कपड़ा फाड़ होली खेली गई। दोपहर एक बजे तक डीजे की धुन पर होलियारे डांस कर उत्साहित दिखे। यही नहीं इस होली को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी जुटी है रहती है नैनी बाजार और ठठेरी बाजार में तीसरे दिन होली खेलने की परंपरा बहुत पुरानी है। होली के तीसरे दिन शुक्रवार को नैनी बाजार में जमकर होली खेली गई। सुबह 10 बजे से दोपहर में 4 बजे तक सड़क पर होलियारों की टीम डीजे की धुन पर थिरकते और रंगो के बौछार में सराबोर नजर आए। यहा सीमित दायरे में ही होली खेली जाती है। नैनी बाजार में आज सुबह दोनों बड़े वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध कर दिया जाता है। ऐसा इसलिए कि सिर्फ इसी बाजार में लोग रंग खेलें, बाहर वालों पर रंग न डालें। फिर शुरू हो गई होली की मस्ती। रंगों की वर्षा हो रही है। एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर हर आयु वर्ग के लोगों ने मस्ती की पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई थी नैनी बाजार आज के दिन बंद रहता है। आज व्यापारियों ने इस बाजार में अपनी दुकानें बंद रखीं। यहा के रहने वाले राजेश जयसवाल चाचू राकेश जयसवाल डब्लू जयसवाल प्रेम प्रकाश जयसवाल मनोज केशरवानी गप्पू केसरवानी डब्बू राठौर मोनू राठौर आदि का कहना है कि तीसरे दिन कपड़ा फाड़ होली खेलने की यहां बहुत पुरानी परंपरा है।

## नगाड़े की धुन पर शस्त्र लहराते निकला विजय जुलूस

**हनुमानगंज।** क्षेत्र के कोटवा, जमुनीपुर के लोग होली पर ढोल नगाड़े बजाते हाथों में शस्त्र लहराते विजय जुसूस निकला। एक हुजूम बना कर ग्रामीण दुवार्षा आश्रम पहुच दुवार्षा ऋषि व भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर नवाज के मुजाजिम की कब्र पर विरोध प्रदर्शन किया। 250 साल पुरानी ऐतिहासिक परंपरा का आज भी बखूबी निर्वाह कर रहे हैं यहाँ के लोग। होली के दिन दक्षिणी कोटवा से लोग नए कपड़े पहन कर



सर पर रंग बिरंगा साफा बांधे ढोल नगाड़े बजाते रणभेरी की धुन पर हाथों में पारम्परिक शस्त्र भाला, गड़ासा, तलवार, फरसा लिए जमुनीपुर पहुचे वहा के लोगो के साथ ककरा गांव स्थित दुवार्षा आश्रम पहुच दर्शन पूजन के बाद नवाज के मुलाजिम की कब्र पर विरोध प्रदर्शन कर लौट आए शाम को फिर उसी हुजूम में लोग निकले और बुड्ढी मईया के दर्शन के बाद जमुनीपुर स्थित सती मैया व ऐन्द्री माता का दर्शन कर लोग अपने अपने घरों को लौटे। निकले विजय जुलूस का जगह-जगह पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी, कांग्रेसी नेता मनीष मिश्रा, शशिकेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान कोटवा जयराम सिंह, प्रधान जमुनीपुर कुशल त्रिपाठी, गिरिजेश सिंह, अनूप सिंह, राजीव त्रिपाठी, जीवल लाल त्रिपाठी, पूर्णेद्र सिंह, बिक्कू दुबे, अनिल त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, तारा सिंह, अलोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भाईचारा का संदेश सहित होलियारों ने निकाली प्रभातफेरी

**सहसों।** भाईचारा, प्रेम और सौहार्द, शांति का प्रतीक होली के इस पावन त्यौहार को लोगों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सहसों सहित क्षेत्र के भोपतपुर, मीरापुर, बमनकुइयां, जगबंधनपुर, चकिया घरहरा, मोलनापुर, कसेरूआ, ललचहां, बसमहुआ, रामनगर, कांदी आदि गांव में होली के हुड़दंग के साथ बच्चे, बूढ़े, नौजवान एवं महिलाओं ने खूब जमकर होली खेली तथा सायंकाल एक दूसरे से अबीर, गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। इसी तरह होली पर भाईचारा संदेश के साथ प्रातः काल सिंगरामऊ गांव में होलियारों ने माता चौरा से ढोल, नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी निकालकर एक नया संदेश देते हुए इस पावन त्यौहार होली को अनूठे अंदाज में मनाया। इस दौरान होलियारों ने फाग गीत गाते तथा अबीर, गुलाल उड़ाते एक दूसरे से गले मिलते हुए पूरे गांव में घूमे होलियारों को गांव में ही जगह जगह लोगों ने अपने दरवाजे पर बैठा कर उनके ऊपर रंग, अबीर, गुलाल एवं गुजिया पापड़ आदि से उनका स्वागत किए। इस दौरान प्रभात फेरी में होलियारों के संग शेष कुमार द्विवेदी, लालजी द्विवेदी, अरुण कुमार द्विवेदी, राजुल मिश्रा, रमेश चंद्र मिश्रा, शिव शंकर पांडे, धारा मिश्रा, विजेंद्र मिश्रा, दीपक द्विवेदी, सूरज मिश्रा, अमरीश पांडे, दिनेश श्रीवास्तव, बुद्धू शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# शराब की दुकान अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर जुटीं महिलाएं

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गदामार में खोली गई देशी शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान सुनीता सिंह की अगुवाई में जुटी महिलाओं ने कहा कि जिस स्थान पर दुकान खोली गई है, वहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। बीते बुधवार को भी उक्त स्थान पर एक युवक की जान चली गई। महिलाओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में 100 से अधिक गांव की महिलाओं ने एकजुटता दिखाई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेताया कि यदि प्रशासन इस पर कार्यवाही नहीं करता तो ग्रामीण महिलाएं फिर से धरने पर बैठने को मजबूर होंगी। ग्राम प्रधान सुनीता सिंह ने कहा कि प्रशासन यह ठेका बंद करवाए। जिस स्थान पर यह ठेका खोला गया है, वहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। इस स्थान से ठेका बंद करवाया जाए या फिर इसे अन्यत्र स्थानातंरित किया जाए। इस मौक पर प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, अर्पित सिंह, रवि, रविकांत, हरगेंद, रमकलिया, गायत्री, केश कली, सपना, वंदना, सीमा समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## 5 वर्षीय बच्चे समेत एक युवक की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में जहां एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, वहीं मार्ग दुर्घटना का शिकार हुए युवक की नहर के पानी में डूब कर मौत हो गई। लोग होली पर्व के मस्ती में जहां मशगूल थे वहीं इन दो परिवारों में होली पर्व की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। पहली घटना कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव में हुई जहां अपने ननिहाल में आए 5 वर्षीय बच्चे प्रतीक सोनकर पुत्र मोहन लाल सोनकर निवासी हलिया थाना हलिया जनपद मिजार्पुर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा हादसा सायं 8 बजे के आसपास गिरगोठा नहर के पास से थोड़ी दूर पर स्थित पुलिया में बाइक सवारों को टकराने के बाद हुआ। बताया जा रहा है कि एक ही बाइक पर चार युवक सवार होकर जा रहे थे। बाइक अनियंत्रित होकर नहर पुलिया से टकरा गई और बाइक सवार सीधे नहर में जा गिरे। बाइक पर बैठे चार लोगों में तीन लोगों को ग्रामीणों ने बाहर निकाल लिया। ग्रामीण समझ नहीं पाई कि एक ही बाइक पर चार लोग सवार थे जिससे सुरेंद्र कुमार मौर्या पुत्र जगत नारायण मौर्या (23) निवासी रामगढ़ खीरी थाना कोरांव पानी में ही डूबा रह गया और उसकी मौत हो गई। नहर में डूब कर मौत होने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची जहां कड़ी मशक्कत के बाद देर रात 10 बजे के आसपास मृतक के शव को बाहर निकाला जा सका और पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीसरी घटना कोरांव थाना क्षेत्र के कपुरी बढ़ैया गांव स्थित क्रेशर प्लांट की है। क्रेशर प्लांट कर्मचारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूल कर जान दे दी। मृतक क्रेशर प्लांट कर्मचारी सुरेश कुमार यादव पुत्र मथुरा प्रसाद यादव (35) निवासी छतरपुर मध्य प्रदेश बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक केसर प्लांट कर्मचारी का किसी बात को लेकर फोन पर परिवार के लोगों से झगड़ा व कहासुनी हुई थी। जिसके बाद क्रेशर प्लांट कर्मचारी ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर गले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बेटे की शादी में मुंबई से छुट्टी लेकर घर आएं पिता की वाइक एक्सीडेंट में मौत

**करछना** बेटे की एक शादी में शामिल होने के लिए 10 दिन पूर्व मुंबई से आए व्यक्ति की 10 मार्च को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। होली के तीसरे दिन मोटरसाइकिल से नजदीकी बाजार जा रहे व्यक्ति की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। जिसमें से एक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला करछना थाना क्षेत्र का है। यमुनानगर के करछना थाना अंतर्गत रामगढ़ गांव निवासी देवेंद्र कुमार पांडेय ( 50) पुत्र ओंकार नाथ पांडे दो भाइयों में बड़े थे। वह मुंबई में रहकर प्राइवेट काम करते थे। उनके भतीजे अनुपम पांडेय ने बताया कि 5 मार्च को उनके बेटे आशीष पांडेय की शादी थी। इसी लिए देवेंद्र कुमार पांडेय मुंबई से 10 दिन पहले 28 फरवरी को घर आए थे। 10 मार्च को दोपहर में वह मोटरसाइकिल लेकर घर से बाजार जाने के लिए निकले थे।

**दूसरे बाइक सवार की भी हालत गंभीर : करछना** थाना क्षेत्र के बसही भीरपुर गांव के सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को नजदीकी अस्पताल ले गई। उसके बाद उनके घरवालों को खबर दी गई। दोनों के घरवाले में जब तक पहुंचे डॉक्टरों ने दोनों को शहर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस दोनों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय लेकर जा रही थी। रास्ते में देवेंद्र कुमार पांडेय की मौत हो गई। दूसरे घायल बाइक सवार संदीप भारतीया (26) निवासी सनाथ का पूरा, सेमरी, करछना गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भतीजे अनुपम पांडेय के मुताबिक देवेंद्र कुमार के एक बेटा और दो बेटी हैं। पांच दिन पहले ही उन्होंने इकलौते बेटे आशीष पांडेय की शादी की थी। बहु घर आई थी। होली से एक दिन पहले बहु की विदाई हो गई थी। आज घर से दवा लेने के लिए निकले थे और अपनी जान गंवा बैठे। उनकी पत्नी ममता पांडेय और घर के अन्य सदस्यों का घटना के बाद से रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# हृदय मिलन समारोह सोल्लास पूर्वक सम्पन

**नैनी।** अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में होली के मधुर वेला पर पीडीए कालोनी नैनी के शीतला माई पार्क मे आयोजित "हृदय मिलन समारोह" मे हर घरो के व्यंजन, ठंडई के आनंद व पारंपरिक होली गीतो के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में कॉलोनी के संभ्रांत नागरिकों के साथ-साथ नैनी क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों ने समारोह के सहभागी बन महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चो के संयुक्त भागीदारी पर आधारित अनोखे कार्यक्रम की सराहना करते हुए आनन्द उठाया। समारोह के आयोजन मे अवंतिका विकास समिति के गजेन्द्र प्रताप सिंह, बद्री प्रसाद मिश्रा, गंगा प्रसाद ठाकुर, एन पी मिश्रा, संजीव गुप्ता, मीना जायसवाल, डी के सिंह, विनोद शंकर तिवारी, सुनील साहनी, दीपक पटेल, अतुल सिंह, पुनित(बाबा) पटेल, सुनील श्रीवास्तव, अंन्जुम नाज, सुनीता गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, की विशेष भूमिका रही। वही प्रमुख रुप से गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी यमुनापार विकास संघर्ष



समिति के सरदार हरजीत मारवा, आर के श्रीवास्तव, सुधाकर द्विवेदी, नयन कुशवाहा, सुनीता दुबे, समाजसेवी रजनीकान्त श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापित सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्रा ने किया।

## बारा क्षेत्र में होली की रही धूम,पूरे दिन चली हुड़दंगई

**बारा।** क्षेत्र में जगह-जगह पर होलिका दहन के बाद दूसरे दिन की शुरूआत से ही होली की हुड़दंग शुरू हो गई।पूरे दिन हुड़दंगियों द्वारा एक दूसरे को पकड़कर रंग एवं अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया गया।शासन की मनाही के बावजूद भी लोगों ने अपने-अपने मोहल्ले में मधुर स्वर में वाद्य-यंत्रों की धुन पर नाचते थिरकते रहे और होलिहारों ने अपनी आयु के सभी साथियों को जीभर कर रंग गुलाल लपेटा।इतना ही नहीं, महिलाएं भी इस कार्यक्रम में आगे रहीं।महिलाओं की टोली ने अपने पद में लगने वाले देवरों के साथ जमकर होली का लुत्फ उठाया।बारा में सुमन्त भार्गव, राकेश कुशवाहा, छोटू चौहान, बहादुर शर्मा, हरिकेश शर्मा, भैयन शर्मा की टीम व सेहुंडा में विकाश श्रीवास्तव, राहुल पाल,रामायण प्रसाद विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, राजू कुशवाहा, शोभित त्रिपाठी, अखिल त्रिपाठी, शीलू त्रिपाठी, डॉ राजू यादव,सोनू श्रीवास्तव,हिमांशु पाल आदि की टीमों ने जमकर होली के त्यौहार पर संगीत की मधुर आवाज में ठुमके लगाए।सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व सकुशल बीत जाने पर क्षेत्रीय लोगों में महेश प्रसाद त्रिपाठी, नत्थू पाण्डेय,अनंत प्रसाद त्रिपाठी, सुरेंद्र कुमार पाण्डेय, आदि ने एक दूसरे को शुभकामनाएं व बधाइयां दीं।

# कांग्रेसियों ने स्टेट बैंक और एलआईसी के सामने किया जोरदार प्रदर्शन

## अडानी लूटकांड पर नारे लगा रहे थे कांग्रेसजन



स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में देश में चल रहे गौतम अडानी लूट कांड को लेकर बड़े पैमाने पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने एस.बी.आई बैंक, प्रतापगढ़ के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व भी एलआईसी कार्यालय, प्रतापगढ़ के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया था। उसके उपरान्त एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, प्रतापगढ़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम नगर अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रूप से कहा कि आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश, खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पालिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाता धारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। यह हिडन बर्ग रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि गौतम अडानी लूट मुद्दे पर प्रधानमंत्री बोलने से बच रहे है उनके जवाब की प्रतीक्षा है। श्री त्रिपाठी ने राष्ट्रपति से मांग किया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति(जे.पी.सी) के तहत हिंडनबर्ग रिपोर्ट की विस्तार से निष्पक्ष जांच की जाए और एलआईसी एसबीआई एवं अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के जबरदस्त निवेश पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए और निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव राम लवट यादव, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी,कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, कार्यालय प्रभारी, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरिश्चन्द्र सरोज, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सलीम उल्ला राइन, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश पांडेय, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, फतेह बहादुर सिंह, संदीप त्रिपाठी, मो.यूसुफ, सुभाष तिवारी, अब्दुल रहमान, मो.इश्तियाक, आयुष तिवारी, बेलाल, जावेद, रामतीर्थ चैरसिया, डॉ. मुरली गौतम, मो हुजैफ, चन्द्र नाथ शुक्ला आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मेडिकल कालेज में हड्डी के डाक्टरों ने काम से किया किनारा

## लम्बी छुट्टी पर गए डाक्टर सचिन और गौरव सिंह

### बंद हो गया हड्डी विभाग, मरीजों को होगी परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बार-बार आरोप लगने से आहत मेडिकल कालेज में हड्डी विभाग के दो डाक्टरों ने काम करने में असमर्थता जताई है। वे लम्बी छुट्टी पर चले गए हैं। डाक्टरों के इस फैसले से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के हड्डी विभाग में ताला लगने की उम्मीद बढ़ गई है।

जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने इस आशय का पत्र मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल को दिया है। जिसमें उन्होंने इसके लिए दो डाक्टरों समेत तीन लोगों को कुसुरवार बताया है। पत्र के बाद मेडिकल कालेज में हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर डाक्टरों में असंतोष फैल रहा है। बाकी डाक्टर भी दोनों साथी के पक्ष में लामबंद हो रहे हैं।

हड्डी विभाग के सर्जन डाक्टर सचिन कुमार और डाक्टर गौरव सिंह (एसआर) ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को एक शिकायती पत्र दिया है। जिसमें दोनों ने यह आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया द्वारा बार-बार आरोप लगने से वे आहत हैं। परिवार भी भयभीत है। ऐसे माहौल में वे अपनी ड्यूटी करने में असमर्थ हैं, लिहाजा वे दस दिन की छुट्टी पर जा रहे हैं। डाक्टर सचिन ने पत्र में परोक्ष रूप से इसके लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के हड्डी के एक पूर्व डाक्टर, आयुष्मान के एक डाक्टर और ब्लड एनजीओ के अध्यक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि यही लोग मिलकर उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं, जिससे वे आए दिन सोषल मीडिया के टारगेट पर हैं। इस बारे में प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों डाक्टरों का पत्र मिला है, मामले की पड़ताल शुरू है।

## प्रेम प्रसंग में किशोरी पर पेट्रोल छिड़ककर जलाया, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के आमापुर बेर्रा गांव में आज प्रेम प्रसंग के चलते एक किशोरी के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर जला देने का आरोप लगाया गया है जबकि आरोपित लड़के वालों का कहना है कि किशोरी ने स्वयं आग लगा लिया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मानधाता थाना क्षेत्र के रामापुर मुस्तर्का गांव की एक किषोरी का रानीगंज क्षेत्र के आमापुर बेर्रा गांव के एक सजातीय युवक से प्रेम प्रसंग हो गया था। किशोरी को पता चला कि लड़के का विवाह तय हुआ है, जिस पर वह किशोरी अपने प्रेमी के घर आमापुर बेर्रा पहुंच गई। किशोरी का भाई भी उसके पीछे पीछे वहां पर पहुंचा। दोनों पक्षों में वाद-विवाद के बाद किशोरी पर मिट्टी का तेल छिड़का गया और आग लगा दी जिससे वह 70 प्रतिषत जल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया। पुलिस दोनों तरफ से आए आरोपों की गहराई से जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से मचा हड़कम्प, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर 35 सी रेलवे फाटक के निकट शुक्रवार की भोर पहर रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुची रेलवे पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रायबरेली भेजा ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सभी घटना स्थल पर पहुँच गए।

मालूम कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा कुसुवापुर निवासी संदीप यादव (शिखर) पुत्र फूलचन्द यादव (22) वर्षीय का थाना क्षेत्र के परियावां पाइकगंज बाजार के 35 सी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की भोर पहर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। गेट मैन शिव कुमार ने सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर स्टेशन मास्टर अभिनव चैधरी को शव मिलने की जानकारी दी। स्टेशन मास्टर ने शव मिलने की सूचना रेलवे पुलिस जीआरपी व आरपीएफ एवं नवाबगज पुलिस को दी। मौके पर पहुची रेलवे व सिविल पुलिस ने घटना स्थल रेलवे पुलिस का होने के कारण रेलवे पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से बाहर कर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रायबरेली भेजा। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था जिसकी शादी अभी नही हुई थी पढ़ाई कर रहा था।



संदीप यादव (फाइल फोटो)।

दो बहनों में एक बहन की शादी अभी नही हुई। मृतक की मां सुमित्रा देबी का रो रोकर बुरा हाल है रह रहकर अपने बेटे की याद में दहाड़े मार कर रोने लगती है और कहती है कि अरे हमरे बेटवा का काहोय गवा हम सबका छोड़ कर चला गवा कैसे जियब बुढ़ापे का एक सहारा था कहते कहते गश खाकर गिर जाती थी। घटना की जानकारी मिलते ही कुसुवापुर ग्राम प्रधान बब्लू यादव मौके पर पँहुचे और पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए पुलिस के साथ शव लेकर जिला अस्पताल रायबरेली गए। इस बाबत जानकारी करने पर नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मिले शव पर शरीर के भाग में चोट के निशान दिखाई दिए ऐसे लगता था कि किसी ट्रेन की चपेट में आ गया था जिससे मौत हो गई बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सब सामने आ जायेगा। उधर परियावां स्टेशन मास्टर अभिनव चौधरी से जानकारी किया तो बताया कि मृतक किस ट्रेन की चपेट में आने से मरा है यह तो पता नही चल पाया सुबह डियूटी के समय गेटमैन शिवकुमार ने शव मिलने की जानकारी दिया। मृतक के बारे में और अधिक जानकारी करने पर पता चला कि बीती रात लगभग एक बजे लोगो ने रेलवे ट्रैक पर जाते हुए पैदल देखा हो सकता है कि अरखा की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई या फिर किसी कारण आत्महत्या कर लिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही सही कारण का पता चल सकेगा। परिजन लोगों की भी समझ मे कुछ नही आ रहा है कि आखिर बात क्या हो गई जो इतना बड़ा कदम उठा लिया।

# स्विटजरलैण्ड में अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में विधायक मोना को मिला आमंत्रण, खुशी

## ज्यूरिख में सेमिनार के लिए विधायक का लेख विमर्श के लिए हुआ स्वीकार्य

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** भारत के एशिया में राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथा आर्थिक परिवेश पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को स्विटजरलैण्ड में होने वाले अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



आराधना मिश्रा मोना।

आगामी बाइस एवं तेईस मार्च को स्विटजरलैण्ड की राजधानी ज्यूरिख में अर्न्तराष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान की ओर से एशिया के सामाजीकरण तथा राजनैतिक परिवेश के प्रगतिशील केन्द्रीयकरण पर होने वाली कान्फ्रेंस में कई देशों के नामचीन लोग अर्न्तराष्ट्रीय उच्चस्तरीय परिचर्चा मे जुटेंगे। इस कान्फ्रेंस में विधायक आराधना मिश्रा मोना अपने अनुभवों को साझा करेंगी। संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक डा. डेविड जैकब द्वारा विधायक मोना को सेमिनार में भाग लेने के लिए निर्गत किये गये आमंत्रण पत्र में यह जानकारी दी गई है कि आईआईईआरडी द्वारा विषय विशेषज्ञता के तहत उनके सेमिनार के लिए प्रस्तुत किये गये महत्वपूर्ण लेख को स्वीकार किया गया है। अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर इस विमर्श में विधायक मोना द्वारा सेमिनार में भारत एवं स्विटजरलैण्ड के द्विपक्षीय लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक व सामाजिक तथा आर्थिक बिंदुओं पर एशिया के परिदृश्य को लेकर भारत के नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय मूल्यों की भी मजबूती को दिशाबोधक वक्तव्य प्रस्तुत करेगी। यह जानकारी यहां शुक्रवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से दी गयी है।

# पितृ देवताओं के तर्पण को लेकर श्रद्धालु हुए गया धाम रवाना, लोगों में रहा उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** पितृ देवताओं के तर्पण तथा मोक्ष श्राद्ध को लेकर शुक्रवार से श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ पवित्र धाम गया जगन्नाथ की तीर्थ यात्रा पर उत्साहजनक माहौल मे रवाना होते देखे गये। ढ़िगवस के समीप चेतमन का पुरवा में गया धाम के लिए समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी व उमा त्रिपाठी के रवाना होने पर परिजनों व स्वजनों ने तीर्थ यात्रियों का माल्यापण कर स्वागत किया।



तीर्थयात्रा को रवाना होते श्रद्धालु।

तीर्थ यात्रियों ने कुलदेवता के पूजन अर्चन के साथ गांव के पौराणिक मंदिर मे भी दर्शन पूजन किया। तीर्थ यात्रियों को आचार्य समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य संकल्प भी ग्रहण कराया गया। गाजे बाजे के साथ गया धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को लेकर ग्रामीणों मे भी खुशी देखी गयी। स्वागत कार्यक्रम का संयोजन अवनीश त्रिपाठी ने किया। वहीं लालगंज नगर में पूर्व कृषि अधिकारी मिथलेश श्रीवास्तव भी पूर्वजों की शांति की प्रार्थना को लेकर गया जगन्नाथ धाम को रवाना हुये। इधर बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप पूरे गुरूबक्श गांव में शिक्षक सुरेन्द्र कुमार शुक्ल भी बाबा का पूजन अर्चन कर शुक्रवार को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए।

## कार्डधारकों को 20 मार्च तक निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 5 मार्च से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह जनवरी 2023 से मार्च 2023 की अवधि के सापेक्ष प्रतिमाह 01 किग्रा0 चीनी के अनुसार कुल 03 किग्रा0 चीनी रू0 18 प्रति किग्रा0 की दर से वितरित किया जा रहा है। वितरण की अन्तिम तिथि 20 मार्च निर्धारित है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। चीनी वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

## समाजवादी विचारधारा का एक महान योद्धा नहीं रहा हम सबके बीचः गोपाल

**अखंड भारत संदेश**



कृपा शंकर ओझा के आवास पर पहुंचे गोपाल जी व विधायक।

**प्रतापगढ़।** लोकरक्षक सेनानी कृपा शंकर ओझा को श्रद्धांजलि देने के लिये आज विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, कुण्डा विधायक राजा भइया के पुत्र कुंवर षिवराज सिंह, विधायक विनोद सरोज, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष डा0 केएन ओझा मुक्कू ओझा एडवोकेट के आवास पर पहुंचे और लोकरक्षक सेनानी कृपा शंकर ओझा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बारे में मुक्कू ओझा से पूछताछ की। गोपाल जी ने कहा कि 90 वर्ष से अधिक की आयु में उनका कचहरी जाकर अदालत के सामने खड़ा होना एक प्रषंसनीय उदाहरण है। वैसे वह समाजवादी विचारधारा के एक महान योद्धा को जिले ने खो दिया है। इस मौके पर गोपाल जी के निजी प्रतिनिधि जीवेन्द्र पाल, अष्वनी सिंह, दिनेष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# हेमवंती नंदन बहुगुणा में टेबलेट पाकर एमए के छात्रों के खिले चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में शासन द्वारा दिया गया टेबलेट का वितरण अध्यक्ष एवं प्राचार्य द्वारा छात्रों को दिया गया। टेबलेट पाकर छात्रो का मन प्रसन्न हो उठा।

टेबलेट बितरण के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं अध्यक्ष डॉ बीरेंद्र कुमार मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर टेबलेट बितरण की शुरूआत की। प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि टेबलेट का उपयोग पठन पाठन में सभी छात्रो को करना होगा। टेबलेट बितरण कार्य को सभी प्राध्यापकों ने मिलकर बड़ी सुगमता से सम्पन्न कराया। टेबलेट बितरण में डॉ राजेन्द्र मिश्र, डॉ ऋचा सुकुमार, डॉ सतेंद्र त्रिपाठी, डॉ संतोष मिश्र, डॉ गंगा धर मिश्र, डॉ महेश पांडे, डॉ निशान्त पाणे, डॉ जितेंद्र, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ शैलेन्द्र सरोज, डॉ ऐश्वर्य तिवारी, बड़े बाबू श्री मयंक सिंह, अरविंद मौर्या, संतोष दुबे, वज्र घोष ओझा सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बितरण में सहयोग करते रहे। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।



टेबलेट वितरण के दौरान छात्रों के साथ प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्र।

# वरिष्ठ अधिवक्ता पं. कृपाशंकर ओझा को दिया गया फुलकोर्ट रिफ्रेंस ऑनर, लालगंज एवं कुण्डा में अधिवक्ताओ ने की शोकसभा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/कुण्डा, प्रतापगढ़।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वयोवृद्ध समाजसेवी पं. कृपाशंकर ओझा के निधन को लेकर शुक्रवार को जिले की लालगंज तथा कुण्डा तहसील एवं दीवानी में अधिवक्ताओं द्वारा शोकसभा कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

लालगंज में अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर उनकी स्मृति को नमन किया। वकीलों ने स्व. कृपाशंकर ओझा के कानूनी ज्ञान के सम्मान में फुलकोर्ट रिफ्रेंस ऑनर प्रदान करते हुए दीवानी एवं तहसील अदालतों मे न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। आमसभा को संबोधित करते हुए रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि कृपाशंकर ओझा ने लोकतांत्रिक मूल्यों की संरक्षा के साथ विधि के क्षेत्र मे लम्बे योगदान को प्रदान कर प्रतापगढ़ जिले का गौरव बढ़ाया। सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर राममोहन सिंह, टीपी यादव, विकास मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, संदीप सिंह, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, कैलाशनाथ तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, घनश्याम मिश्र, विनय शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, मनीष तिवारी, सुधाकर मिश्र, शिवप्रसाद यादव, ओपी जायसवाल आदि अधिवक्ता रहे। इधर कुण्डा तहसील मे भी अधिवक्ताओं ने दीवानी तथा तहसील परिसर मे शोक सभाओं का आयोजन कर वरिष्ठ अधिवक्ता कृपाशंकर ओझा के निधन पर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। सिविल बार एसोशिएसन की बैठक अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे हुई। वहीं तहसील मे दि बार एसोशिएसन की बैठक अध्यक्ष प्रेमचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता मे हुई। बैठकों मे कृपाशंकर ओझा के व्यक्तित्व को याद करते हुए निधन को अपूर्णनीय क्षति कहा गया।

## पीआरडी स्वयंसेवक 31 मार्च तक उपलब्ध कराएं अभिलेख

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी केशव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रान्तीय रक्षक दल के वैध रूप से प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किये पीआरडी स्वयंसेवकों का डाटाफीडिंग हेतु अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के लिये अन्तिम रूप से 31 मार्च 2023 तक समय निर्धारित किया गया है। उन्होने जनपद के आनलाइन डाटा फीडिंग से छुटे हुये समस्त पीआरडी स्वयंसेवको को सूचित किया है कि अपने प्रशिक्षण सम्बन्धित समस्त अभिलेख 31 मार्च 2023 तक अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

# सड़क के किनारे खड़े अधेड़ की बाइक की टक्कर से हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की सुबह सड़क के किनारे खडे अधेड़ को सामने से बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।उदयपुर थाना क्षेत्र के भगवानदीन का पुरवा नरवल गांव निवासी राजेश कुमार यादव (46) पुत्र रामखेलावन यादव शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे गांव के पास ही सड़क के किनारे खडा था। राहाटीकर रोड की तरफ से आ रहा बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिवार के लोगो ने इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बाइक सवार धर्मराज सरोज नरवल निवासी गांव की ही सावित्री देवी (65) पत्नी बनवारी लाल केसरवानी को सलोन, रायबरेली से दवा लेकर घर लौट रहा था। टक्कर होने से सावित्री भी गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायल महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दोपहर बाद मृतक के पुत्र विनोद कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि मेरे पिता गांव में ही सड़क के किनारे खड़े थे इसी बीच नरवल गांव निवासी धर्मराज सरोज पुत्र संकठा सरोज लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए टक्कर मार दिया, जिससे पिता की मौत हो गई। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### उमेश पाल हत्याकांड के शूटर साबिर के भाई की कोखराज इलाके में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद में हुए उमेश पाल हत्याकांड के शूटर साबिर के भाई की कोखराज इलाके में खेत में कई दिन पुरानी लाश मिली है। मृतक की बहन ने मृतक के शव की पहचान की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है, घटना को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं, मृतक का शव कई दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव का है जहा एक खेत में एक कई दिन पुराना शव मिला है, मृतक प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मरियाडीह निवासी जाकिर बताया का रहा है।मृतक की बहन ने अपने 50 वर्षीय भाई जाकिर के रूप में पहचान किया है।बताया जा रहा है की जाकिर को आठ साल पहले पत्नी की मौत के मामले में जेल भेजा गया था,जाकिर चार माह पहले ही जमानत पर छूट कर आया था। सीओ सिराथू डाक्टर के जी सिंह ने बताया कि एक शव मिला है जिसकी पह्चान जाकिर मरियाडीह के रूप में हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उनके हिसाब से कार्यवाई की जायेगी।

# पुलिस लाइन के बाहर सड़क किनारे पुलिस हेड कांस्टेबल का मिला शव

## मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के उदिहिंन बाजार पुलिस चौकी में तैनात थे हेड कांस्टेबल

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** मोहब्बतपुर पैसा पुलिस थाना के उदिहिंन बाजार पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल का शव पुलिस लाइन के गेट के पास सड़क किनारे पड़ा मिला है हेड कांस्टेबल का शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में सनसनी मच गई जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पैंसा थाना के उदिहिन बाजार पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल राम नयन यादव की सड़क हादसे में मौत की आशंका जताई जा रही है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिपाही के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन के गेट नंबर एक के बाहर शुक्रवार की सुबह सड़क के किनारे सिपाही का शव लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया,सिपाही की शिनाख्त राम नयन यादव के रूप में हुई है,सिपाही मोहब्बतपुर पैंसा थाना के उदिहिन बाजार पुलिस चौकी में तैनात था,सिपाही दंगा नियंत्रण के लिए रिजर्व ड्यूटी में लगा बताया जा रहा है किसी काम से सड़क पर पहुंचे सिपाही को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार होना बताया जा रहा है। मामले की सूचना पर उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनो को इसकी जानकारी दी है। सिपाही की मौत से परिवार व पुलिस विभाग में शोक की लहर है मृतक सिपाही खालिसहा सदर थाना रामपुर,जौनपुर के रहने वाले है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फँसाइया तालाब के पास मिला युवक का शव, कोहराम



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली के फसैया तालाब मैदान के पास संदिग्ध परिस्थितियों में विद्युत पोल के पास एक युवक का शव मिला है सूचना पर कड़ा धाम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है युवक की शिनाख्त कड़ा धाम थाने के भानीपुर निवासी गणेश उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र कंचन के रूप में हुई है युवक का शव विद्युत पोल के पास मिला है कयास लगाए जा रहे कि हाइटेंशन करेंट से युवक की जान गई है मृतक 3 भाइयों में मझला पुत्र था लोगो के अनुसार मृतक मानसिक रूप से कमजोर था मामला चाहे जो रहा हो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा होगा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गई है।

## होली खेलने के दौरान विवाद के बीच युवक को मारी गोली हालत गंभीर

**कौशाम्बी।** जिले के मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र में होली खेलने के दौरान विवाद हो गया है। विवाद के बीच एक युवक को गोली मार दी गई जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है। आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया है जहां हालत गंभीर होने पर उसे इलाहाबाद रेफर कर दिया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात की गई है। जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के रामसहाई गांव में बुधवार के दिन होली खेल रहे विजय तिवारी नाम के एक युवक को गोली मार दिया गया है जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को ग्रामीण सिराथू सीएचसी ले गए जहा से प्राथमिक इलाज के बाद उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस बल गांव में तैनात कर दी गई है। घटना क्रम के मुताबिक मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र के राम सहाईपुर गांव के विजय तिवारी बुधवार के दिन होली खेल रहे थे, तभी गांव के किसी युवक ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से घायल विजय को परिजन और ग्रामीण सिराथू सीएचसी ले गए जहा हालत नाजुक होने पर उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव में बवाल होने की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। घटना की सूचना पर एसपी सहित उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुटे हुए हैं।

### डीजे में नाचने को लेकर हुई जमकर मारपीट, हालत नाजुक



**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल में डीजे में नाचने को लेकर हुआ विवाद एक युवक जिसका नाम दूले पुत्र स्व श्री लाल वार्ड न 3 निवासी बताया जा रहा है। युवक पर 8 से 10 लोगो ने किया जान लेवा हमला युवक को बेरहमी से मार कर नाले में फेका उसके बाद कुछ लोगो ने नाले से किया बाहर युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। चायल चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी आरोपियों और पर कार्यवाही करने की बात कही है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## खिड़की से गिड़गिड़ाती रही पत्नी, हत्या के मामले में हुई थी जेल



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह पति को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखती रही, लेकिन वह दरवाजा बंद होने के कारण उसे बचा नहीं सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस दस्तावेजों ने मृतक एक हत्या के मामले में जेल गया था, वह जमानत पर जेल से बाहर था। मंझनपुर के गांधी नगर निवासी करन (34) पुत्र सुरेश अपने पत्नी व 2 बच्चों के साथ रहता था। बीती रात वह होली खेलकर घर लौटा था। खाना खाकर वह बच्चो के साथ सोया था। पत्नी सुमित्रा ने बताया कि भोर में पति अचानक बिस्तर से उठकर दूसरे कमरे में चले गए तो वह पीछे पीछे से गई।

### दरवाजा तोड़कर निकालने तक गई जान

**कौशाम्बी।** मृतक ने कमरे में दरवाजा बंद कर लिया। अनहोनी की आशंका में उसने खिड़की को धक्का देकर देखा तो पति फांसी के फंदे पर लटकने की कोशिश कर रहा था। उसने पति से बहुत मिन्नतें कीं और गिड़गिड़ाकर जान देने से रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया। जब तक लोगों ने दरवाजा तोड़ा तब तक उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पूछताछ में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इंस्पेक्टर मंझनपुर संतोष शर्मा ने बताया कि मृतक करन का पुलिस रिकार्ड में ऑपराधिक इतिहास है। वह हत्या के एक मामले में 2007 में जेल गया था, जो जमानत पर रिहा होकर परिवार के साथ रह रहा था। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गम्भीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा पुल के पास बीती 8 मार्च बुधवार को अनियंत्रित बाइक सवार खंती में गिर गया।जिसे पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक दिनेश कुमार उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम किशोरी निवासी ग्राम सभा परास थाना सैनी अपने बहनोई धर्मेंद्र को छोड़ने उसके गांव किशनपुर सरौली गया था वापस बहनोई की मोटरसाइकिल से वह घर जा रहा था बुधवार 8 मार्च देर शाम सैनी कोतवाली के टांडा पुल के पास अनियंत्रित होकर खंती में चला गया बियाबान जंगल सुनसान इलाका रास्ता , रात में कोई नहीं निकला रात भर युवक घायल अवस्था में बेहोश पड़ा रह सुबह 9 मार्च को 8:00 बजे कुछ लोग सड़क मार्ग से गुजरे उन्हीं लोगों ने 108 एंबुलेंस और स्थानीय चौकी पुलिस को सूचित किया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में लेते हुए युवक को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया युवक के माता पिता की मृत्यु हो चुकी है घर में मात्र एक बहन है जिसकी अभी कुछ दिन पहले उसने शादी किया है खबर लिखे जाने तक युवक को साथियों और बहनोई ने मंझनपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है जहां अभी युवक को होश नहीं आ सका युवक निहायत गरीब है परास गांव के लोगो ने चंदा कर इलाज करवा रहे हैं आज शुक्रवार गंभीर हालत होने पर युवक को उसके साथी और बहनोई धर्मेंद्र प्रयागराज इलाज हेतु ले गए हैं।

# कौशाम्बी पहुंची उइकटीम, शूटर अब्दुल कवी के खानदान का खंगाला गया भू-अभिलेख

## मंझनपुर तहसीलदार से ढाई घंटे तक चली पूंछ-तांछ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रयागराज में हुए उमेश हत्याकांड के बाद पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड की जांच उइकने तेज कर दी है।गुरुवार को सीबीआई का 2 सदस्यीय जांच दल मंझनपुर तहसील पंहुचा। टीम ने तहसील के अभिलेख में माफिया अतीक के शूटर अब्दुल कवी के खानदान की चल अचल संपत्ति का ब्योरा जुटाया,सीबीआई टीम तहसील परिसर में करीब 3 घंटे रही। प्रयागराज के सुलेम सराय इलाके में 18 साल पहले हुए पूर्व बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के रहस्य खोलने में जुटी उइक की जांच तेजी पकड़ ली है।सीबीआई की जांच टीम मंझनपुर तहसील अचानक पहुंची। दिल्ली से आये 2 अफसर तहसीलदार भूपाल सिंह के चेंबर में करीब ढाई घंटे बैठे रहे। तहसील सूत्रों के मुताबिक माफिया अतीक के शूटर रहे अब्दुल कवी के बारे में कई सवाल किये गए। जिसमे प्रमुख रूप से था कि अब्दुल कवी के पुश्तैनी मकान को गिराए जाने के प्रक्रिया की जानकारी जांच एजेंसी को क्यों नहीं दी गई। इसके साथ ही शूटर अब्दुल कवी के खानदान की चल-अचल संपत्ति के राजस्व अभिलेख जुटाए गए।उइक जांच दल ने तहसील का अभिलेखागार देखा। एसडीएम मंझनपुर से जमालपुर भखंदा एवं रकसराई गांव के भू-अभिलेख का ब्लू प्रिंट लिया गया। जिसमे शूटर अब्दुल कवी के पिता अब्दुल गनी बाबा, अब्दुल अजीज, समेत पत्नी कनीज फातिमा, भाई अब्दुल वली, उसकी पत्नी फैजिया बानो, भाई अब्दुल कदीर, उसकी पत्नी बुशरा, भाई अब्दुल मुगनी उसकी पत्नी शाहीन बानो का कागजात लिया।सीबीआई ने राजू पाल हत्याकांड के बाद 2005 से लेकर अब तक खरीद फरोख्त का दस्तावेज की छाया प्रति कब्जे में ली। तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह ने बताया, राजू पाल हत्याकांड की जांच कर रहे उइकके 2 अफसर जांच के लिए तहसील आये। जो कुछ जानकारी उन्होंने संपत्ति से जुड़ी जमालपुर ,भखदा व रकसराई की मांगी उन्हें उपलब्ध कराई गई है।

### 14 साल से फरार अब्दुल कवि पर भी घोषित होगा इनाम

**कौशाम्बी।** बसपा विधायक राजू पाल मर्डर केस की अग्रिम विवेचना के दौरान नाम आने के बाद से फरार शूटर अब्दुल कवि पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। वह उमेश पाल हत्याकांड में भी शामिल बताया जा रहा है। उसकी तलाश में प्रयागराज और कौशाम्बी पुलिस लगी है। फरार कवि पर जल्द इनाम घोषित किया जाएगा। शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। उसके पकड़े जाने पर अतीक के पुराने अपराधों की जानकारी भी मिलेगी। यह भी पता चलेगा कि बीते 18 साल सालों में उसने अतीक गैंग के लिए कौन-कौन से कारनामों को अंजाम दिया, जिसके बारे में अभी पुलिस को जानकारी नहीं है। सरायअकिल, कौशाम्बी निवासी अब्दुल कवि ऐसा शूटर है जो राजू पाल की हत्या के बाद कभी पकड़ा नहीं गया। कई सालों तक पुलिस को पता ही नहीं चला कि कवि नाम का शूटर अतीक गैंग का है। बसपा शासन में अब्दुल कवि का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे वांछित किया। सीबीआई भी उसे पकड़ नहीं सकी। राजू पाल मर्डर केस के 18 साल बाद एक बार फिर से अब्दुल कवि का नाम सामने आया है। तीन मार्च को कौशाम्बी प्रशासन ने अब्दुल कवि का घर ढहा दिया। इस दौरान उसके घर से पुलिस को लाइसेंसी असलहा, देसी बम, तमंचा, समेत कई हथियार मिले। इस मामले में पुलिस ने फरार आरोपी अब्दुल कवि उसके पिता अब्दुल गनी, कवि की पत्नी कनीज फातिमा, भाई अब्दुल वाली उनकी पत्नी फैजिया बानो, भाई अब्दुल हुई उसकी पत्नी बुशरा, भाई अब्दुल मुगनी उसकी पत्नी शाहीन बानो, भाई अब्दुल कादिर और उसकी पत्नी फैजिया बानो के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सभी 11 आरोपियों को वांटेड किया है।



### ग्राम चौपाल में लगा रहा शिकायतों का अंबार

**करारी कौशांबी।** गांव की समस्या गांव में समाधान करने के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में कौशांबी विकास खंड के बराई बन्धवा गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया ग्राम चौपाल के आयोजन में विकास खंड कार्यालय के अधिकारी पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने तमाम शिकायतें की ग्राम चौपाल में पहुंचे अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने बताया कि फैज अहमद के घर के सामने गांव में वर्षों से हैंडपंप खराब है सीडीओ डीपीआरओ के कहने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं हो रही है ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से हैंडपंप खराब होने के चलते पानी की विकराल समस्या उत्पन्न है और बार-बार शिकायत के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत ग्राम पंचायत से नहीं हो रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था हैंडपंप मरम्मत ना होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम चौपाल में अधिकारियों की खरी-खोटी सुनाते हुए हैंडपंप मरम्मत कराए जाने की मांग की ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के महीने में पानी की दिक्कत हो रही है और बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी हैंडपंप मरम्मत के प्रति उदासीन बने हुए हैं प्रधानमंत्री आवास वृद्धा विकलांग विधवा पेंशन किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ ना मिलने की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने जोरदार आक्रोश प्रकट किया है अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

# धूम धाम से मनाई गई होली जमकर उड़े रंग और गुलाल

## गलियों से लेकर सड़कों तक दिखी होली की उमंग

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** रंगों का त्योहार होली धूमधाम से संपन्न हुआ इस अवसर पर जहां लोगों ने रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई वहीं कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया तमाम उत्साही युवकों ने डीजे की धुन पर होली के सर्वप्रिय गानों पर थिरकते हुए प्रेम पूर्वक होली का त्योहार मनाया है। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस तत्पर रही । इस कड़ी में नगर पंचायत अझुवा में बच्चे बूढ़े नौजवान महिलाओं पुरुषों ने रंगों के महोत्सव का जमकर त्यौहार मनाया। 7 मार्च मंगलवार को समयानुसार होलिका दहन की गई लोगों ने चने गेहूं की बालियों को होली की आग में पका कर अपने घरों में लाकर अगले होली तक संरक्षित किये सुबह तमाम लोगों ने हिंदी नव वर्ष एवं होली के इस पावन पर्व को वैदिक मंत्र उच्चारण एवं हवन यज्ञ के द्वारा मनाने का संदेश दिए हैं। मनीष कुमार आर्य के द्वारा नव वर्ष को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ द्वारा मनाने का संदेश दिया हैं बुधवार नगर पंचायत अझुवा स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के अध्यक्ष कपूरचंद केसरवानी के आवास पर सैकड़ों नगरवासी एकत्र होकर यज्ञ हवन भजन प्रवचन के पश्चात पुष्पों की वर्षा के बीच होली खेली है इस दौरान एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाइयां दी है उक्त कार्यक्रम के संबंध में तमाम बुजुर्गों ने बताया लगभग 70 से 80 वर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर इसी प्रकार मनाया जा रहा है मौके पर कपूर चंद केसरवानी रमेश चंद प्रधानाचार्य ओमप्रकाश कुशवाहा विजय कुमार सोनी मिथिलेश कुमार केसरवानी रमेश चंद केसरवानी रमेश चंद्र अग्रहरि आदि संभ्रांत लोग मौजूद रहेगुरुवार सुबह मौसम थोड़ा सर्द था लेकिन ठंड की दस्तक भी होली खेलने वालों के उत्साह को रोकने में असफल रहा।सुबह 10:00 बजे के बाद हर कोई होली खेलना और होली के मूड में नजर आ रहा था पॉपुलर गाना होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धुन पर लोगों का जो रुख रहा वह दोपहर के बाद तक जारी रहा नगर की गलियों पर मत वालों की टोलियां चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंग से सराबोर करना था गुरुवार को अनेक स्थानों पर रंगारंग होली के आयोजन हुए जहां लोग अपने अपनों को रंगते नजर आए त्यौहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह था हांथों में पिचकारी व रंग से भरे गुब्बारे लिए बाल गोपाल के टोलियां पूरे नगर पंचायत में घूमते नजर आए हैं चारों और रंग और गुलाल उड़ते रहे मोटरसाइकिल पर सवार युवाओं ने विभिन्न गांव में अपने दोस्तों के साथ होली मनाई है गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई देते नजर आए तमाम उत्साही युवकों ने कपड़ा फाड़ होली भी खेली है ^होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाते हैं, गाने पर हर कोई थिरकता नजर आया।

## न्यूज झरोखा

### एसपी द्वारा साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी सभी जवानों से शास्त्राभ्यास कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं क्वार्टर गार्ड पीआरवी वाहनों डीसीआरबी कार्यालय डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**भारी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्राधिकारी ने होली पर्व पर किया पैदल गस्त**

**कौशाम्बी।** होली पर्व पर मंझनपुर कस्बे में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया है इस दौरान उन्होंने नगर वासियों से कहा कि वह भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाए उन्होंने कहा कि होली का पर्व शांति का संदेश देता है और हंसी खुशी के साथ शांति से त्यौहार को मनाएं किसी प्रकार का उपद्रव न करें कस्बे में पैदल गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने लोगों से वातार्कार कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

### बाइक सवार ,साइकिल सवार से टकराये, 3 घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार, साइकिल सवार से टकरा गए जिससे 3 लोग घायल हो गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक चंदन पुत्र ननकऊ,अनिल पुत्र बद्धन निवासी अकिल पुर ऐराने जिला फतेहपुर साथी गोरे निवासी बहुआ के साथ बीती बुधवार देर शाम अझुवा से गांव ऐराने जा रहे थे विपरीत दिशा से साइकिल से कंचन निवासी अमाव खागा फतेहपुर ,अझुवा की तरफ आ रहा था वार्ड नं 8 दीप पैलेस के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों सवार भिड़ गए। अझुवा पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल भेजवाया वहीं गम्भीर घायल कंचन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सिराथू में दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, चार युवक जख्मी**

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम कोतवाली अंतर्गत देवीगंज कस्बा में बृहस्पतिवार की दोपहर दो बाईकों में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक पर बैठे चारों युवकों को चोटें आईं है। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भारती कर दिया है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्रतापगढ़ जनपद के नवाबगंज थाना अंतर्गत भवानीगंज के रहने वाले रिशु पुत्र दयाराम उम्र 22 वर्ष व सत्यम पुत्र सुरेश चंद्र उम्र 20 वर्ष अपनी बहन के घर होली मिलने सिराथू के शमशाबाद गांव जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवारी युवक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज कस्बा के सैनी रोड पहुंचे तभी सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार सनी पुत्र अजय उम्र 23 वर्ष वी राजू पुत्र राजेंद्र उम्र 18 वर्ष से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों बाईकों के बीच भिड़ंत इतनी तेज थी की पल्सर बाइक के परखच्चे उड़ गए।

**तेज रफ्तार बाइक सवार बिजली के खंभे से टकराया, हालत नाजुक**

**कौशांबी।** चायल पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चलौली मोड़ पर बुधवार की दोपहर एक बेकाबू बाइक बिजली के खंभे से भिड़ गई। हादसे में बाइक सवार युवक की सिर पर गहरी चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास रहे लोगों ने सूचना पिपरी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को

# नौ वांछित अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

## घटना रमसहाईपुर में हुयी फायरिंग की



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में थाना मोहब्बतपुर पइंसा अंतर्गत ग्राम रमसहाईपुर में 08 मार्च 2023 को होली रंग के दिन हुई फायरिंग के कारण शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने व ग्राम रमसहाईपुर थाना क्षेत्र मोहब्बतपुर पइन्सा के विजय कुमार तिवारी के गले में गोली लग जाने से घायल हो जाने के सम्बन्ध में वादी रुद्र कुमार पुत्र सूर्यप्रकाश मिश्रा की लिखित तहरीर के आधार पर 08 मार्च 2023 को थाना स्थानीय पर मुकदमा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम पंजीकृत कराया गया था घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा दिनांक 09 मार्च 2023 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नौ वाछित अभियुक्तों कुन्दन पाण्डेय पुत्र इन्द्रनारायण उर्फ ननकू पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद पाण्डेय पुत्र स्व0 रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, अवनीश कुमार पाण्डेय उर्फ सागर पुत्र राजकरन पाण्डेय, राजकरन पाण्डेय पुत्र स्व0 रामभवन पाण्डेय, जोगेश पाण्डेय उर्फ नान भइया पुत्र अयोध्या प्रसाद पाण्डेय, व्यास मुनि पाण्डेय पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय, राजा उर्फ आकाश पाण्डेय पुत्र व्यास मुनि पाण्डेय, रज्जन उर्फ राजकुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 रामभवन पाण्डेय व आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र महामुनि पाण्डेय निवासीगण ग्राम रमसहाईपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम परई खागल मे बने रज्जन उर्फ राजकुमार के ट्यूबेल के कमरे से गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

**विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी शराब व बियर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :**

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा होली त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति व सुरक्षा हेतु क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर पटेल चौराहा सराय अकिल अंग्रेजी शराब ठेका के पास से अभियुक्त झगडू पुत्र सूरजपाल निवासी राजातालाब, मौलवी गंज थाना सरायअकिल के पास विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी शराब व बियर बरामद की गयी अभियुक्त द्वारा होली त्यौहार पर शराब बन्दी होने पर अवैध तरीके से शराब बेचा जा रहा था जबकि उसके पास शराब रखने व बेचने के सम्बन्ध में कोई वैध पत्र नहीं था गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**गोमास के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :**

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा होली त्यौहार के दौरान शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत चेकिंग वाहन संदिग्ध व्यक्ति के दौरान अभियुक्त तवज्जुल उर्फ सद्दाम पुत्र मोइनउद्दीन निवासी महगांव थाना संदीपन घाट के पास से 10 किग्रा अवैध गौमांस तथा एक अदद मोटर साइकिल बरामद कर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 11 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना सदीपनघाट पुलिस बल द्वारा 11 अभियुक्तों हुकुम पाल पुत्र दुल्ला पाल, राजन यादव पुत्र अज्ञात, कुल्लू सरोज पुत्र कमलेश, सुरेश चन्द्र पुत्र सोने लाल, मनीष सरोज पुत्र बनारसी लाल, सन्तलाल पाल पुत्र बाबू लाल, रामबाबू पुत्र सौकू, कमलेश पुत्र चून्नूलाल, राहुल कुमार पुत्र रामविशाल सरोज, कुल्लू पाल पुत्र राम निहोरे व दुर्गेशपाल पुत्र बाबू लाल निवासीगण गौसपुर थाना संदीपनघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर 52 अदद तास के पत्ते व 6000 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 217 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

### ऑनलाइन फीडिंग से छूटे हुए पीआरडी जवान 31 मार्च तक आवेदन कर डाटा फीडिंग कराये

**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने जनपद के पीआरडी जवानों को सूचित किया है कि ऑनलाइन फीडिंग से छूटे हुए वैध रूप से प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त पीआरडी स्वयंसेवक अपना समस्त वांछित अभिलेख कार्यालय में जमाकर विभागीय पोर्टल पर आनलाइन डाटा फीडिंग के लिए आवेदन कर सकतें है, डाटा फीडिंग 31 मार्च 2023 तक किया जायेंगा 31 मार्च 2023 के बाद प्राप्त किसी भी प्रार्थना पत्र पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 46 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पिपरी से 23 थाना मंझनपुर से पांच थाना करारी से तीन थाना महेवाघाट से दो थाना सराय अकिल से तीन थाना चरवा से पांच थाना कोखराज से दो थाना सैनी से तीन कुल 46 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त कल्लू सिंह पुत्र चौबे सिंह निवासी शाहपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मुन्ना लाल पुत्र रामधनी निवासी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से 08 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 54 वाहनों का ई-चालान किया गया।

संपादकीय

## बघेल के राजनैतिक मॉडल को कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए!

2018 में कांग्रेस को छग के साथ मध्यप्रदेश व राजस्थान में भी सफलता मिली थी। मप्र की सरकार तो दलबदल का शिकार हो गयी, राजस्थान की सरकार बचाने के लिये कांग्रेस जद्दोजहद करती रहती है। कारण है वहां के सीएम अशोक गहलोत और उस पद के प्रबल आकांक्षी सचिन पायलेट के बीच रस्साकशी। इधर बघेल ने ऐसी मजबूत सरकार गठित की है कि उसे तोड़ना भाजपा के लिये कतई आसान नहीं। 90 की संख्या वाले सदन में कांग्रेस के पास 71 सदस्य हैं। लगभग चार हजार किलोमीटर के एक बेहद सफल पैदल मार्च के बाद भी उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों के हुए विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस हारती है तो इसका यह अर्थ नहीं है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' नामक कवायद बेकार या असरहीन हो गयी। हालांकि यह पहले से देखने की उत्सुकता तो थी कि क्या कांग्रेस की ऐतिहासिक व अत्यंत सफल यात्रा उसके पक्ष में मतदान करा सकने लायक हो पाई है या नहीं? इसी साल अब बचे 6 (जम्मू-कश्मीर में हुए तो 7) राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में इस यात्रा का सुफल उसे मिलता है या नहीं- यह भी देखे जाने की उत्सुकता सभी को रहेगी। त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में भाजपा की पहले के मुकाबले कम हुई सीटों के बाद भी कांग्रेस द्वारा एक भी प्रदेश में सरकार न बना पाने के बाद अब यह सोचे जाने की आवश्यकता है कि क्या कांग्रेस को ऐसा राजनैतिक मॉडल चाहिये जो उसे जीत दिलाए। ऐसा मॉडल, जो न केवल कांग्रेसियों को एकजुट रखे, वरन उसके किसी भी विरोधी दल की सरकार बने तो उसके खिलाफ तगड़ा हल्ला बोले, अपनी सरकार बने तो उसे टूट-फूट से बचाये और विधायकों की खरीद-फरोख्त को नाकाम कर दे। केन्द्रीय जांच एजेंसियों से मुकाबला करे और साथ ही ऐसी नीतियां बनाए, जो लोगों पर स्थायी व सकारात्मक असर डाले। पूरे देश पर नजर डालें तो निश्चित ही ऊंगली छत्तीसगढ़ पर रखनी होगी। यहां कांग्रेस ने ऐसा ही राजनैतिक मॉडल विकसित किया है जो सफल हुआ है। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 3 कार्यकाल पूरी करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार को अपदस्थ करने के लिये भूपेश बघेल ने तभी से कमर कस ली थी, जब 2014 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। मई, 2013 में हुए झीरम घाटी कांड के कारण कांग्रेस के अनेक बड़े नेता मारे गये थे और 2016 में उनकी पार्टी के एक प्रमुख नेता व भूतपूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने अलग पार्टी बना ली थी। बघेल ने प्रदेश में कई आंदोलन खड़े कर संगठन को पुनर्जाग्रत किया। उन्हें अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि जेल भी जाना पड़ा था। मजबूत भाजपा संगठन व रमन सिंह सरकार के विरुद्ध काडर को खड़ा करना कठिन था पर उनके नेतृत्व में ऐसा हो सका। 2018 में जब कांग्रेस जीती तो वे नैसर्गिक उम्मीदवार बने।

## शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य

संजीव ठाकुर

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।

# क्वाड के तेवर से सहमा चीन





अरविंद जयतिलक

**जी-20** देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के तुरंत बाद क्वाड (क्वाड्रिलेटरल सेक्युरिटी डायलॉग) के सदस्य देशों (भारत, अमेरिका, जापान और आस्टेजलिया) ने संयुक्त रुप से चीन और पाकिस्तान को ताकीद कर दिया है कि उनकी विस्तारवादी और आतंकी नीति स्वीकार नहीं है। सदस्य देशों ने दो टूक कहा कि वे आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए क्वाड वर्किंग ग्रुप के जरिए आतंकवाद पर नकेल कसेंगे। सदस्य देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी से निपटने की प्रतिबद्धता व्यक्त कर आतंकवाद और चरमपंथ की निंदा भी की। इससे चीन का तिलमिलाना और भयभीत होना लाजिमी है। लिहाजा उसने भी क्वाड का नाम लिए बिना कहा कि छोटे-छोटे समूह दुनिया में स्थिरता के लिए खतरा हैं। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब क्वाड के सदस्य देशों ने चीन की आक्रामक नीति के खिलाफ सख्त तेवर अपनाए हैं। याद होगा क्वाड के पहले वर्चुअल सम्मेलन के दौरान भी सदस्य देशों ने चीन को अपने हद में रहने की सलाह दी। तब अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा था कि आस्टेजलिया के साथ चीन की आक्रामकता, जापान के सेनकाकू द्वीपों के आसपास उत्पीड़न और भारत के साथ सीमा पर तनातनी को लेकर अमेरिका किसी भ्रम में नहीं है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हर परिस्थितियों से निपटने को तैयार है। जानना आवश्यक है कि वर्ष 2007 में जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन ने अपना वर्चस्व बढ़ाते हुए पड़ोसी देशों को धमकाना शुरू किया तब जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने एक ऐसे संगठन का प्रस्ताव दिया जिसमें इस सामुद्रिक क्षेत्र में आने वाले ताकतर देश शामिल हो सकें। उनके सुझाव पर क्वाड संगठन मूर्त रुप लिया जिसकी पहली बैठक 2019 में संपन्न हुई। क्वाड का उद्देश्य प्रशांत महासागर, अमेरिका और आस्टेजलिया में विस्तृत नेटवर्क के जरिए जापान और भारत के साथ मिलकर इस क्षेत्र में एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है जिससे एक स्वतंत्र, खुली और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त हो। नेविगेशन की स्वतंत्रता हो तथा ओवर-फ्लाइट एवं आसियान के निर्माण को लेकर काम किया जाए। क्वाड के इस उद्देश्य से चीन बौखालाया हुआ है। उसे लग रहा है कि क्वाड में शामिल देश उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। वह क्वाड को एक उभरता हुआ ह्यएशियाई नाटोह्व के तौर पर देख रहा है। वह जानता है कि क्वाड की मजबूती से इस क्षेत्र में उसकी मनमानी पर नियंत्रण लगेगा और समुद्र के जरिए दुनिया पर राज करने की उसकी मनोकामना पूरी नहीं होगी। यह तथ्य है कि चीन की नजर साउथ चाइना सी पर भी है। वह उस पर कब्जा के लिए मुहिम छेड़ रखा है। यहां नकली द्वीप बनाकर अपने सैनिकों को तैनात कर रहा है। इसी खतरे को भांपते हुए क्वाड के सदस्य देशों ने रणनीति के तहत इस क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने की नीति में तेजी लायी है। गौर करें तो क्वाड के सदस्य देशों में कोई ऐसा नहीं है जिसका चीन से तनातनी न हो। चीन की जापान से नाराजगी की मुख्य वजह सेनकाकू द्वीप है जिस पर वह अधिकार चाहता है। जबकि जापान इसके लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा पूर्वी चीन सागर में विवादित द्वीपों के उपर एक हवाई क्षेत्र बनाए जाने के बीजिंग के एकपक्षीय कदम को लेकर भी दोनों देशों के बीच टकराव है। चीन जापान को दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात में बाधा डाल रहा है जो कि उसके हाई टेक्नोलाजी के काम आता है। इसी तरह दक्षिणी चीन सागर को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनातनी है। इस तनातनी का मुख्य वजह अक्टुबर 2015 में अमेरिका द्वारा चीन को ताकीद करने के लिए भेजा गया वह गाइडेड मिसाइल है जो चीन के मानव निर्मित आइलैंड्स की 12 मील सीमा तक पहुंच गया था। इसके अलावा दोनों देशों के बीच अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस लेसन सुबी रीफ के 12 मील के दायरे में पहुंचने से भी तनातनी बढ़ी। तब चीन ने नाराजगी जताते हुए अमेरिका को कड़ी हिदायत दी कि वह आगे से ऐसा न करे। लेकिन अमेरिका ने उसकी चेतावनी को दरकिनार कर स्पष्ट किया कि वह इस क्षेत्र में आवाजाही सुनिश्चित करने का प्रयास जारी रखेगा। याद होगा तब अमेरिका के तत्कालीन रक्षा मंत्री एश्टन कार्टर ने आस्टेजलिया यात्रा के दौरान कहा था कि जहां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून इजाजत देते हैं, वहां से अमेरिका उड़ान भरेगा, पोत भेजेगा संचालन करेगा जैसा कि वह पूरी दुनिया में करता है। उसके लिए दक्षिणी चीन सागर अपवाद नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका स्प्रैटली चेन के आसपास बनाए गए द्वीपों के 12 नॉटिकल माइल जोन में अपनी जंगी जहाज ले जाने को अधिकार समझता है। लेकिन चीन का दावा है कि यह क्षेत्र हजारों वर्षों से उसके आधिपत्य में है। इस क्षेत्र में चीन की हरकतों का अमेरिका को तब भान हुआ जब उसने 2014 में सूबी और मिसचीफ रीफ जो कि हाईटाइड में डूब चुके थे, को आइलैंड में बदलने की कोशिश की। अमेरिका ने चीन के इस प्रयास को दक्षिणी चीन सागर में अपना आधिपत्य बढ़ाने के तौर पर देखा और उसका जमकर विरोध किया। दक्षिण चीन सागर प्रशांत महासागर का हिस्सा है जिसके 35 लाख वर्ग किलोमीटर के इलाके में कई छोटे-बड़े द्वीप हैं। यह दुनिया का सबसे व्यस्ततम समुद्री व्यापारिक मार्ग है और यहां भारत, अमेरिका तथा जापान समेत कई अन्य देशों के सामरिक व आर्थिक हित दांव पर हैं। चीन की मंशा खरबों रुपए मूल्य की वस्तुओं के इस व्यापारिक मार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाकर भारत, अमेरिका और जापान के हितों को प्रभावित करना है। इसी उद्देश्य से उसने 2014 से अब तक इस क्षेत्र में सात कृत्रिम टापू बना चुका है। 2015 के सैटलाइट इमेज से पता चलता है वह वहां हवाई पट्टी भी बना चुका है। उसकी योजना समंदर के अंदर एक लैब बनाने की भी है। कहने को तो इस लैब का काम खनिजों का पता लगाना होगा लेकिन असल सच्चाई यह है कि वह इसके जरिए अपनी सैन्य ताकत को मजबूती देना चाहता है। इस समुद्री इलाके में अपना दावा मजबूत करने के लिए ही उसने यहां दो लाइटहाउस बनाए जिसका अमेरिका, फिलीपींस और भारत ने कड़ा विरोध किया। ऐसे में समझना कठिन नहीं रह जाता है कि अमेरिका के लिए क्वाड क्यों महत्वपूर्ण है। इसी तरह आस्टेजलिया और चीन के बीच भी तनातनी चरम पर है। गत वर्ष पहले आस्टेजलिया के सिडनी हार्बर में चीन के तीन जंगी जहाज देखे जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। यह भी खुलासा हो चुका है कि चीन आस्टेजलियाई पायलटों पर लेजर से निशाना रख रहा है। उधर, कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़े हुए हैं। इसी दौरान आस्टेजलिया पर साइबर हमला हुआ। उसके अस्पताल, स्कूल और सरकारी संस्थानों को हैकरों ने निशाना बनाया। इसमें चीन की संलिप्तता पायी गयी। ऐसे में अगर चीन के खिलाफ क्वाड की गोलबंदी में आस्टेजलिया शामिल है तो यूं ही नहीं है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है और इसकी जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के एक तिहाई से ज्यादा और विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 60 फीसद है। यह विश्व व्यापार का तकरीबन 47 फीसद के करीब है। ऐसे में अगर इस क्षेत्र में चीन अपनी विस्तारवादी नीति पर आगे बढ़ता है तो स्वाभाविक रुप से उसके खिलाफ गोलबंदी तेज होगी। यह सच्चाई है कि विगत दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के मंच पर चीन की विशिष्ट पहचान बनी है। वह आर्थिक सुधारों के जरिए विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है। लेकिन अब वह जिस आक्रामक तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी दखलदांजी बढ़ा रहा है उससे अमेरिका समेत अन्य क्वाड देशों का चिंतित होना स्वाभाविक है। चूंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आसियान को भारतीय नीति का केंद्रीय बिंदू माना जाता है ऐसे में भारत की भूमिका स्वतः बढ़ जाती है। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक है कि वह इस क्षेत्र में क्वाड जैसे महत्वपूर्ण मंच के जरिए अपने सैन्य व कुटनीतिक प्रभाव का विस्तार कर चीन को करारा जवाब दे।

**यह दुनिया का सबसे व्यस्ततम समुद्री व्यापारिक मार्ग है और यहां भारत, अमेरिका तथा जापान समेत कई अन्य देशों के सामरिक व आर्थिक हित दांव पर हैं। चीन की मंशा खरबों रुपए मूल्य की वस्तुओं के इस व्यापारिक मार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाकर भारत, अमेरिका और जापान के हितों को प्रभावित करना है। इसी उद्देश्य से उसने 2014 से अब तक इस क्षेत्र में सात कृत्रिम टापू बना चुका है**

# मगर इस जीत के पांव कहां हैं!

राजेन्द्र शर्मा

**चुनाव के** इस चक्र में भाजपा की जीत के इस खोखलेपन का त्रिपुरा में उठे चुनावोत्तर हमलों के ज्वार से क्या संबंध है? दोनों में संबंध वास्तव में काफी सीधा और सरल है। अर्द्ध-सत्य व असत्य पर खड़े अतिशय प्रचार के सहारे, भाजपा की जीत के खोखलेपन को छुपाते हुए, नरेंद्र मोदी की अजेयता का जो नैरेटिव प्रचारित किया जा रहा है, उसकी असलियत से खुद संघ-भाजपा भी पूरी तरह से बेखबर तो नहीं ही हो सकते हैं उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों के विधानसभाई चुनाव के बाद से, मोदी-शाह की भाजपा द्वारा "जीत ही जीत" की जो हवा बांधने की कोशिश की गयी है, वह "विजय" के इस ढोल को वास्तविक नतीजों से काफी हद तक स्वतंत्र ही कर देती है। बेशक, त्रिपुरा, मेघालय तथा नगालैंड में इस चक्र में जहां विधानसभाई चुनाव हुए हैं, उन तीनों में 2 मार्च के चुनाव नतीजों से भाजपा के सत्ता तक पहुंचने का जुगाड़ तो बन ही गया है। लेकिन, किस तरह? फिर हाल के विधानसभाई चुनाव से पहले भी तो भाजपा इन तीनों राज्यों में सत्ता का हिस्सा थी ही। फिर इसे जबर्दस्त "जीत" कैसे माना जा सकता है? वास्तव में, सत्ता का हिस्सा होने की एक न्यूनतम समानता के अलावा इन तीनों राज्यों में भाजपा की हैसियत में काफी अंतर था और ताजा चुनाव के नतीजे, इस अंतर के कमोबेश ज्यों का त्यों बने रहने के साथ ही, पांच साल सत्ता का हिस्सा रहने के बाद, भाजपा के थोड़ा-बहुत नीचे खिसकने को ही दिखाते हैं। तीनों राज्यों की कुल 180 सीटों में से भाजपा को, 2018 के चुनाव के मुकाबले इस बार 4 सीटें कम मिली हैं। जहां उसे मेघालय में पिछले चुनाव की तरह 2 सीटों पर तथा नगालैंड में 12 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है, वहीं त्रिपुरा में, जो इन तीनों राज्यों अकेला था जहां भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रही थी, उसकी अपनी सीटें 36 से घटकर 32 रह गयी हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि त्रिपुरा को छोड़कर, दोनों अन्य राज्यों में भाजपा की सत्ता में हिस्सेदारी, उसकी चुनावी ताकत का कम और जोड़-जुगाड़ तथा जुगत का मामला ही ज्यादा थी, जिसमें उत्तर-पूर्वी राज्यों की विखंडित राजनीति में और छोटी-छोटी पार्टियों को, केंद्र में सत्ता की नजदीकी से ललचाने का कमोबेश नंगई से खेला जाता खेल भी शामिल है। मेघालय और नगालैंड, दोनों में भाजपा ने 2 मार्च के चुनाव के नतीजे के बाद भी, उस हद तक अपना सत्ता में बने रहना बेशक सुनिश्चित कर लिया है। इसके बावजूद, नगालैंड की तुलना में, मेघालय में भाजपा का जीत का किसी भी तरह का दावा, वास्तव में झूठा ही कहा जाना चाहिए। नगालैंड में तो फिर भी, भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में सबसे ज्यादा, 25 सीटें जीतकर आई एनडीपीपी के साथ चुनाव लड़ा था और हालांकि, इस बार भी भाजपा के हिस्से में 12 सीटें ही आइं, कम से कम उसका मत फीसद 15.30 से बढ़कर 18.80 हो गया है। लेकिन, मेघालय में तो भाजपा ने पांच साल सत्ता में शामिल रहने के बाद, पिछली बार सरकार का नेतृत्व कर रही कोनराड संगमा की पीपीपी के ही खिलाफ और सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि पिछली बार उसने 47 सीटों पर ही चुनाव लड़ा था।

चुनाव प्रचार में भाजपा ने पीपीपी को ही मुख्य निशाना बनाया था और खुद गृहमंत्री अमित शाह ने कथित भ्रष्टद्दाचारविरोधी मुहिम का ऐलान करते हुए, मेघालय सरकार को जिसमें भाजपा चुनाव के समय तक बनी ही हुई थी, देश की सबसे भ्रष्टद्द सरकार ही करार दे दिया था। लेकिन, 2 मार्च को मतगणना से पहले ही संगमा की, उत्तर-पूर्व के भाजपा के धनी-धौरी, असम के भाजपायी मुख्यमंत्री से गोपनीय मुलाकात हो चुकी थी और पूरे चुनाव नतीजे आने से पहले ही भाजपा, न सिर्फ पीपीपी के लिए समर्थन की घोषणा कर चुकी थी बल्कि सबसे पहले प्रधानमंत्री के मेघालय में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की ही घोषणा की गयी थी। इसे हार छुपाने की चतुराई तो फिर भी कहा जा सकता है, पर "जीत" तो किसी भी तरह से नहीं कहा जा सकता है। याद रहे कि मेघालय में इस बार, सभी सीटों पर लड़ने के बावजूद, भाजपा का मत फीसद पिछली बार के 9.6 फीसद से घटकर, 9.33 फीसद पर आ गया है। वास्तव में मेघालय में पिछले चुनाव के बाद भाजपा ने, केंद्र की सत्ता के बल पर, चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर आई कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के बाद, उसे ही नहीं अपने साथ सत्ताधारी गठजोड़ में शामिल अन्य पार्टियों को भी अस्थिर करने का खेल, जमकर खेला था। इसी प्रकार, नगालैंड में पिछले चुनाव के बाद सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई एनडीपीपी के साथ गठजोड़ करने के बाद, उसके अधिकांश विधायकों का उसने सत्ताधारी एनडीपीपी में विलय कराया और उसके बाद एनडीपीपी के साथ गठजोड़ किया, जिस गठजोड़ को हाल के चुनाव में बहुमत मिल गया है। केंद्र में सत्ता के सहारे इतनी जोड़-तोड़ के बाद भी, दोनों राज्यों में भाजपा की सीटें ज्यों की त्यों बने रहने के बावजूद, 2 मार्च के चुनाव नतीजे के आधार पर नरेंद्र मोदी के यह दावा करने को कि अब तक की आम धारणा के विपरीत अल्पसंख्यक भाजपा के साथ हैं, शुद्ध हवाबाजी ही कहा जा सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि पहले गोवा में तथा अब उत्तर-पूर्व में, अल्पसंख्यकों के समर्थन के ऐसे 'संकेत' मिलने के बाद, आगे केरल में सरकार बनाने का प्रधानमंत्री मोदी ने जो दावा किया था, उसे केरल की एलडीएफ सरकार के मुख्यमंत्री, पिनरायी विजयन ने उनका "दिन में सपने देखना" करार देकर, हाथ के हाथ खारिज ही कर दिया।

बहरहाल, त्रिपुरा के चुनाव नतीजों पर लौटें। वास्तव में तीनों में राज्यों में एक त्रिपुरा ही है, जहां भाजपा अपनी सरकार बचाने में कामयाबी का दावा कर सकती है। लेकिन, यह कामयाबी भी कम से कम भाजपा या उसकी सरकार की लोकप्रियता बढ़ने या उसके लिए जनसमर्थन बढ़ने का दूर-दूर तक कोई इशारा नहीं करती है। उल्टे 2018 के चुनाव के मुकाबले भाजपा के नेतृत्ववाले गठजोड़ की सीटों में पूरे 11 की गिरावट हुई है और उसका आंकड़ा 33 पर आ गया है, जो पिछले कम से कम चार दशकों में पहली बार, सत्तापक्ष का बहुमत इतना थोड़ा रह जाने को दिखाता है। इसी प्रकार, सत्ताधारी गठजोड़ के मत फीसद में भी लगभग 11 फीसद की गिरावट आई है। भाजपा ने त्रिपुरा में अपनी सरकार तो जैसे-जैसे कर के बचा ली है, पर राज्य के 60 फीसद मतदाताओं ने 16 फरवरी को हुए मतदान में उसकी सरकार के खिलाफ ही वोट दिया था। यानी विपक्ष के वोटों के विभाजन की कृपा से ही, भाजपा त्रिपुरा में अपनी सरकार बचा पाई है। स्वाभाविक रूप से राज्य में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत होने के नाते, सीपीआई (एम) के नेतृत्व में वाम मोर्चे ने, भाजपा गठजोड़-विरोधी मतों के विभाजन को टालने की अपनी ओर से पूरी कोशिश की थी। इसी क्रम में उसने कभी इस राज्य में अपनी मुख्य विरोधी रही, कांग्रेस पार्टी के साथ ही नहीं, पिछले चुनाव के बाद की अवधि में त्रिपुरा के आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रयत्न करने का दावा करने वाली, नवोदित त्रिपुरा मोथा पार्टी के साथ भी तालमेल का प्रयास किया था, जिसे इससे पहले त्रिपुरा आदिवासी स्वायत्त जिला परिषद के चुनाव में तथा उसके बाद हुए विधानसभाई उपचुनाव में भी, आदिवासियों का काफी समर्थन मिला था। लेकिन, विपक्षी वोट को एकजुट करने में उसे पूरी सफलता नहीं मिली और वाम मोर्चा तथा कांग्रेस के एकजुट मंच के अलावा, त्रिपुरा मोथा ने करीब 41 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा की करीब सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए, हालांकि आमतौर पर मतदाताओं ने उसके उम्मीदवारों को खारिज कर दिया। इस त्रिकोणीय मुकाबले में ही, 40 फीसद के करीब वोट के बल पर, भाजपा का गठजोड़, बहुमत का आंकड़ा पार करने में कामयाब हो गया। इस तिकोने मुकाबले की भी, एक अतिरिक्त विशेषता ने, भाजपा की खासतौर पर मदद की। 20 सुरक्षित आदिवासी सीटों पर, त्रिपुरा मोथा की स्थिति मुख्य दावेदारों में रही और उसने इनमें से 13 सीटों पर जीत भी दर्ज कराई। लेकिन, इसके अलावा 21 और गैर-आदिवासी बहुल सीटों पर उम्मीदवार, मुख्य मुकाबले के लिहाज से ज्यादातर अगंभीर उम्मीदवार ही साबित हुए और उनमें से अनेक ने विपक्ष के वोटों में थोड़ा-बहुत जो भी विभाजन किया, उसने भाजपा की राह हमवार करने का ही काम किया।

# अफस्पा भी असीम नहीं

ऋषभदेव शर्मा

**जम्मू**-कश्मीर में सेना के एक कोर्ट मार्शल ने फर्जी मुठभेड़ में तीन लोगों की हत्या के मामले में एक कैप्टन के लिए आजीवन कारावास की सिफारिश की है। कहना न होगा कि इससे एक ओर तो इस प्रकार के संवेदनशील हालात में काम करने वाले सैनिकों और सैन्य अधिकारियों के बीच यह संदेश जाएगा कि उन्हें किसी निर्दोष नागरिक से जिंदगी छीनने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। वहीं दूसरी ओर उस इलाके के निवासियों को यह आश्वासन मिलेगा कि वहाँ सेना उनकी रक्षा के लिए तैनात है और उनके साथ किसी तरह की ज्यादती का समर्थन नहीं करती। दरअसल यह मामला जुलाई 2020 में दक्षिण कश्मीर के अमशीपोरा में घटित एक 'सुनियोजित' मुठभेड़ से जुड़ा है। इस मुठभेड़ में तीन लोग मारे गए थे। इस बारे में सेना की अदालत ने साल भर से भी कम समय में 'कोर्ट मार्शल' की कार्यवाही पूरी की है और इस मुठभेड़ को हत्या करार दिया है। अधिकारियों ने बताया है कि 'कोर्ट ऑफ इनक्वायरी' और 'साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया' में यह पाया गया कि सैनिकों ने सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफ्सपा) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उल्लंघन किया, जिसके बाद एक कैप्टन का 'कोर्ट मार्शल' किया गया। कैप्टन की उम्र कैद की सजा की पुष्टि सेना के उच्चतर प्राधिकारों की ओर से की जानी बाकी है। इस वारदात में जम्मू क्षेत्र के राजौरी जिला निवासी तीन लोग इम्तियाज अहमद, अबरार अहमद और मोहम्मद इबरार 18 जुलाई 2020 को शोपियां जिले के दूर-दराज के एक गाँव में एक मुठभेड़ में मारे गए थे। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। लेकिन इन मौतों को लेकर सोशल मीडिया पर संदेह जताया गया। इसका संज्ञान लेते हुए सेना ने एक 'कोर्ट ऑफ इनक्वायरी' गठित की, जिसने प्रथम दृष्टया यह पाया कि सैनिकों ने अफ्सपा के तहत मिली शक्तियों का उल्लंघन किया है। इसके बाद दिसंबर 2020 तक साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया चली। इसके आधार पर आगे कोर्ट मार्शल की कार्रवाई की गई और अब यह फैसला सामने आया है। इससे एक बार फिर इस बात की पुष्टि हुई है कि भारतीय थलसेना अपने अभियानों में नैतिक आचरण के प्रति प्रतिबद्ध है। वह अफ्सपा के तहत प्रदत्त शक्तियों का उल्लंघन करने और हाई कोर्ट के निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन न करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करती। यह इसलिए भी जरूरी है कि जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में अपने किसी भी अभियान की सफलता के लिए उसे स्थानीय जनता के सहयोग की जरूरत होती है, जो तभी संभव है जब जनता उसके न्यायपूर्ण आचरण के प्रति आश्वस्त हो और उसे अपना रक्षक मानती हो। यही वजह है कि ऐसे इलाकों में सेना से बहुत जिम्मेदारी, सहनशीलता, संयम और समझदारी की उम्मीद की जाती है। माना कि सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम राष्ट्र की अखंडता की रक्षा के मद्देनजर वहाँ सेना को असामान्य अधिकार देता है। लेकिन वह भी इस विवेक की अपेक्षा रखता है कि नागरिकों के जीवन के अधिकार का उल्लंघन न हो। वैसे भी 'फर्जी' मुठभेड़ को तो किसी भी स्थिति में साजिश ही कहा जाएगा न? हाँ, तब की बात अलग है जब कोई व्यक्ति गलत पहचान के आधार पर मुगालते से मुठभेड़ का शिकार हो जाए।

अंततः यह कहना भी जरूरी है कि लोकतांत्रिक समाज में सुरक्षा एजेंसियों को अबाध अधिकार देने वाले अफस्पा जैसे कानूनों को केवल अति असामान्य स्थिति में ही लागू किया जाना चाहिए, ताकि किसी ज्यादती की संभावना न रहे।

**हाँ, तब की बात अलग है जब कोई व्यक्ति गलत पहचान के आधार पर मुगालते से मुठभेड़ का शिकार हो जाए। अंततः यह कहना भी जरूरी है कि लोकतांत्रिक समाज में सुरक्षा एजेंसियों को अबाध अधिकार देने वाले अफस्पा जैसे कानूनों को केवल अति असामान्य स्थिति में ही लागू किया जाना चाहिए**

## मौका और चौका

डॉ. सुरेश कुमार

**यार** तुम तो बड़े छुपेरुस्तम निकले। हमें कानों-कान खबर भी नहीं हुई और उधर तुम आँखें चार कर रहे थे। टीवी पर तुम दोनों एक साथ नहीं दिखते तो हमें खाक पता चलता। सेलिब्रिटियों का प्यार भी किसी का घर चलाने में काम आता है। अब देखो न मीडिया तुम्हारे प्यार की खबरों से पट गई है। जहाँ देखो वहाँ तुम्हारे प्यार के चर्चे हैं। वैसे हम सब से छिपते छिपाते इस इश्क को कैसे अंजाम दिया। हमें भी तो बताओ। मित्र ने सेलिब्रिटी दोस्त के साथ पेग लगाते हुए पूछा। सेलिब्रिटी मित्र ने कहा झ ह्लसोचा था यह राज, राज ही रह जाएगा। लेकिन रहीम कह गए हैं न खैर, खून, खाँसी, खुशी, बैर, प्रीति, मदपान जैसी चीजें कभी नहीं छिपतीं। एक न एक दिन सबको पता चल ही जाता है। तुम्हें याद है तीन महीने पहले उसके पिता का देहांत हो गया था। उसी समय से मेरा टांका उससे भिड़ गया था ह्व

मैयत में...? मित्र ने आश्चर्य से पूछा। हाँ यार क्या गजब ढा रही थी। सफेद टॉप पर सफेद पायजामा पहने पिता के शव के पास गुमसुम बैठी थी। मैयतों में सबसे अच्छी बात यह होती है कि किसी को भी निहारो कोई पूछने वाला नहीं होता। सब अपनी -पनी धुन में लगे रहते हैं। मैंने भी मौके का फायदा उठाते हुए उसे टकटकी लगाए देखने लगा। मानो मेरी आँखें नशीली होती जा रही थीं। उसकी आँखों में रात का काजल था। मैं सब कुछ छोड़-छाड़ कर उसकी आँखों में डूब रहा था। मैं पार्थिव शरीर के पास न जाकर उसे निहारते-निहारते खूबसूरत खयालों में डूब गया। मन किया पास जाकर कह दूँ कि तुम बड़ी खूबसूरत हो। आज उसके होठों पर लाली नहीं है लेकिन सिकुड़े हुए होंठ भी मुझे अच्छे लग रहे थे। वह मदहोश करती जा रही थी। उसने मेरी ओर देखा।

## फटाफट खबरें

### जमीनी विवाद में इकलौते पुत्र की हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बरगढ थाना क्षेत्र के कोलमजरा गांव के बसिनिहा में युवक का शव घर के बाहर पडा मिलने पर परिजनों ने सडक हादसे में युवक की मौत की आशंका जताई है।

ये घटना बरगढ थाना क्षेत्र में हुई। मृतक के जीजा ननकू प्रसाद ने बताया कि नर्मदा प्रसाद (25) पुत्र कृष्णा प्रसाद पाण्डेय बुधवार को सवेरे रिश्तेदार की चारपहिया वाहन से ननिहाल पनवार गये थे। नर्मदा की पनवार-डिभौरा के बीच सडक हादसे में मौत हो गई। देर रात नर्मदा के शव को अमन व दो अज्ञात लोग घर के बाहर रखकर चले गये।

मृतक की मां चन्द्रकली व परिजनों ने पुत्र का शव देखा तो हडकम्प मच गया। बरगढ थाना पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के जीजा ननकू प्रसाद व अन्य परिजनों ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उसे ले जाने वालों ने मार डाला है। मृतक अपने परिवार में इकलौता था। पत्नी शीलू देवी का रो-रोकर हाल बुरा है। बरगढ थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्यवाही की जायेगी। अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### खेत में बकरी चराने को मना करने पर मारपीट किया घायल, तीन पर मुकदमा

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के अषाढ़ गांव में बुधवार की देर शाम खेत में बकरी चराने पर मना करने पर राधेश्याम यादव को पड़ोसियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।मिजार्मुराद थाने पहुंचे भुक्तभोगी ने संजय कुमार, अनीश व कृपा शंकर के खिलाफ मारपीट का तहरीर दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुरुवार को मुकदमा कर घायल को मेडिकल मुआयना के लिए भेजा।

### रंग को लेकर हुए विवाद में दूसरे दिन मारपीट चार घायल, 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के लडुवाई गांव में होली के दिन घर घुसकर महिलाओं को रंग लगा रहे पड़ोसियों को मना करना ठीक नही लगा।गुरुवार की सुबह पड़ोसियों ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर संजय कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार व वकील कुमार को घायल कर दिया जिसमें सभी घायलों को गम्भीर चोटे आई और सभी का सर फट गया गया।

मिजार्मुराद थाने पहुंचे संजय के भाई संतोष कुमार ने पड़ोसी कुँवर बहादुर, राजू, छोटू, घनश्याम, शैलेन्द्र व सनीज के खिलाफ लालबंद होकर मारने पीटने का तहरीर दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर विपक्षियों के खिलाफ 147, 148, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।वही संजय को ज्यादा चोट होने के कारण खजुरी स्थित सूर्यांश हास्पिटल में परिजनों ने भर्ती कराया है।

### अखिल भारती साहित्य परिषद की संयुक्त श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

**झांसी।** बी एच ई एल आवासपुरी में नवोदित साहित्यकार परिषद व अखिल भारती साहित्य परिषद की संयुक्त श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न हुई । जिसमें भेल के प्रसिद्ध साहित्यकार अखिल भारतीय साहित्यकार परिषद भेल शाखा के अध्यक्ष राम कुमार पाण्डे की पत्नी श्री मती पुष्पा पाण्डे के स्वर्गवास पर अश्रुपूर्ण भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित की गयी। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी । परिवार के जनों को इस दुखद समय को सहन करने हेतु आत्मबल देने की भी प्रार्थना की गयी । इस अवसर पर राजेश तिवारी मक्खन, सत्य प्रकाश ताम्रकार, राम कुमार पाण्डे, सन्तोष मिश्र ,चन्द्रा जी राव इंग्ले, मोहन सोनी, नारायण त्रिपाठी, राम कृष्ण पचौरी, सुधीर गुप्ता, झांसी नगर धमार्चार्य हरिओम पाठक, मनोज पाठक, अरविन्द तिवारी, काजू महाराज आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, दंपती सहित तीन लोग घायल

**औरंगाबाद, (बुलंदशहर)। बुध**वार को औरंगाबाद बुलंदशहर स्टेट हाइवे पर ग्राम ईस्माइला के निकट दो बाइक आपस में भिड़ गईं। आमने सामने की हुई भीषण भिड़ंत में एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड दिया जबकि एक दंपति सहित तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गये।
प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परवाना महमूदपुर वासी मुस्लिम खां और नासिर खां बाइक पर सवार होकर दरियापुर से वापस गांव लौट रहे थे । गांव नया गांव थाना खानपुर निवासी चंद्र पाल सिंह अपनी पत्नी बबली के साथ होली पर्व मनाकर गांव से वापस नोएडा जा रहे थे। ग्राम ईस्माइला के निकट दोनों बाइक टकरा गईं। दुर्घटना होते ही सभी बाइक सवार जमीन पर आ गिरे। मुस्लिम खां निवासी परवाना महमूदपुर ने मौके पर ही दम तोड दिया जबकि चंद्र पाल सिंह, उनकी पत्नी बबली और नासिर खां घायल हो गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जबकि मृतक मुस्लिम खां का शव पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा। चंद्र पाल सिंह और बबली की दशा गंभीर पाकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है दशा नाजुक बनी हुई बताई जा रही है।
इनका क्या कहना है. थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि अभी मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### गुलदार ने अब गांव से नगर में भी दी दस्तक

**नगीना। गुलदार** नेअब गांव से नगर में भी दी दस्तक। एक पशुशाला में बन्धे कृषक के पशुओं में से ढाई वर्ष के एक कटरे को अपने मुंह का बनाया निवाला। गुलदार नगर से दो तीन किलोमीटर की दूरी परबसें गांव बुढ़ावाला,तुखमापुर,भवानीपुर,कोटरा,फतहपुर,गांवड़ी के जंगलों में तो गुलदार को गांव के लोगों व किसानों ने घूमते फिरते हुए देखा है। पिछले दिनों फतेहपुर में भी एक महिला व एक मासूम पर हमला बोल कर घायल कर चुका है।जिससे नगर से सटे गांवों के लोग गुलदार के भय से भयभीत हैं। बीती रात गुलदार ने नगर क्षेत्र में बुढावाला हरेवली रोड स्थित मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी टिकम सिंह सैनी ने अपने खेतों में पशुशाला बना रखी है।जब आज सुबह रोजाना की तरह टिकम सिंह सैनी अपनी पशुशाला गया तो वहां पर उसका ढाई वर्षीय भैंस के कटरे को गुलदार ने हमला बोल कर उसे मौत की नींद सुला कर उसके आधे हिस्से को खाकर वहां से चला गया। जिससे घटी घटना की खबर आसपास में पहुंचते ही लोगों में दहशत फैल गई।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी व बुढावाला हरेवली रोड स्थित पुलिस चौकी के सिपाही भी मौके पर पहुंचे।

# बिना रवन्ने के भुगतान से होती है शासन को लाखों की क्षति

## ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार की यहीं से होती है शुरूवात

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में मनरेगा व राज्यवित्त एवं पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। ब्लाक क्षेत्र पंचायत से जो भी विकास कार्य होते हैं, उनमें भुगतान के समय ठेकेदार कहां से सामग्री खरीदते हैं। एमएम 11 रवन्ना के बिना भुगतान नहीं किया जाता। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यों में बिना रवन्ना के लिपिक एवं खंड विकास अधिकारी कमीशनबाजी के चक्कर में बिना रवन्ना के भुगतान कर देते हैं।
बिना रवन्ना के भुगतान करने से ग्राम पंचायत स्तर में अवैध खनन को बढ़ावा मिलता है। राजस्व का सालाना करोड़ों रुपए की क्षति होती है। ब्लाक में क्षेत्र पंचायत से कोई भी कार्य होते हैं तो भुगतान के समय रवन्ना एमएम 11 के बिना भुगतान नहीं होता। ग्राम पंचायत स्तर में बिना रवन्ना के मनरेगा व 15वां वित्त, राज्यवित्त के कार्यों का भुगतान कर दिया जाता है, जिसके चलते प्रधान एवं सचिव कोई भी सामग्री न खरीद कर ग्राम पंचायत स्तर में अवैध खनन करवाकर कार्य को पूरा कर लेते हैं। जो सामग्री गांव में नहीं मिल पाती, उसी को खरीदते हैं। किसी सप्लायर का फर्जी बिल लगाकर उसके फर्म के नाम भुगतान करवा दिया जाता है। इसके बाद उसको 10 फीसदी कमीशन देकर बांकी पैसा ले लिया जाता है।
इसके चलते हर ब्लाक में ऐसे सैकड़ों फर्जी बिल बाउचर देने वाले सप्लायर सक्रिय हैं। जिनमे बिल बाउचर देने की होड सी लगी रहती है। आखिर बात चाहे जो कुछ भी हो, अगर ग्राम पंचायत स्तर में मनरेगा एवं राज्य वित्त के कार्यों पर एमएम 11 लिया जाने लगे तो जहां ग्राम पंचायत स्तर में भ्रष्टाचार कम होगा, वहीं अवैध सप्लायरों की दुकानें भी कम हो जाएगी। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मानिकपुर विकासखंड के ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्र ने ब्लाकों पर चल रहे भ्रष्टाचारों को कम करने का प्रयास करते हुए शासन स्तर पर पत्राचार करके ग्राम पंचायत स्तर में करवाए गए कार्यों पर एमएम 11 लिए जाने की मांग की है। देखना है कि इस पर संबंधित अधिकारी अमल करेंगे या इसी तरह भ्रष्टाचार पनपने के लिए बिना एमएम 11 के भुगतान करते रहेंगे। इस बारे में खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों पर कार्यदाई संस्था ग्राम पंचायत ही होती है, वह कार्य पूर्ति का प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाती है, तब भुगतान किया जाता है। अगर वह बिना रवन्ने के लिए भुगतान करती है तो जिले स्तर से उसकी जांच करवाई जायेगी।

# होली में मुफ्त सिलेंडर देने का लालीपाप हुआ हवा-हवाई

## सदगुरु महिला समिति ने मनाया महिला दिवस एवं होली मिलन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जनवादी महिला समिति की सदस्य मीरा देवी की अध्यक्षता में काशीराम कालोनी लोढवारा में महिला दिवस में मोदी-योगी सरकार की वायदा खिलाफी की चर्चा की गई। परमहंस संत रणछोड़दास महाराज के आशीर्वाद से संचालित जानकीकुण्ड स्थित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं श्री सदगुरु महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन पर ट्रस्टी डॉ बीके जैन, अध्यक्षा श्रीमती उषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, डॉ पूनम अडवानी, डॉ प्रज्ञा सेन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रो वंदना वर्मा की मौजूदगी में महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह हुआ।
शुक्रवार को श्रीमती उषा जैन ने कहा कि सदगुरु महिला समिति की स्थापना वर्ष 1998 में चित्रकूट अंचल की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के अवसर देने एवं उन्हें सामाजिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से की गयी थी। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूरे होने पर सैंकड़ों महिलाओं को इस मुहीम से आत्म निर्भर बना सके हैं। अपने पैरों पर महिलायें खड़ी हैं। महिलाओं की स्थिति में पिछले दशकों की अपेक्षा काफी सुधार एवं प्रगति हुई है। अभी हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को शाल, श्री फल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्रीमती लक्ष्मी देवी धर्मपत्नी भोइला, श्रीमती हीरामनी पत्नी शिवप्रसाद, श्रीमती नथिया साहू पत्नी हनुमान साहू एवं श्रीमती ध्रुवपतिया पत्नी शिवकुमार को सम्मानित किया।
इसी क्रम में जनवादी महिला समिति की सदस्य मीरा देवी की अध्यक्षता में कांशीराम कालोनी लोढवारा में महिला दिवस पर कामरेड पूनम ने कहा कि मोदी और योगी सरकार जनता से किए वादों को भूल गये हैं। मुफ्त गैस सिलेंडर देने का लालीपाप दिखाकर रसोई गैस के दाम बढ़ा दिए। होली त्योहार पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन होली त्योहार के पहले दाम बढ़ाकर महिलाओं के साथ छल किया। इसका खामियाजा भुगतना होगा। महिला दिवस पर क्षेत्र की महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए। इस मौके पर का रुद्र प्रसाद मिश्र, अनीता, सुवाकली, अनुराधा देवी, नीराशा कुमारी, विमला, रामकली, कमलेश कुमारी, विनीता देवी, राजकुमारी, अभिलाषा, राजरानी, मोतिनिया दीदी, रोशनी देवी, रानी देवी, सुखरानी, मन्जू देवी, सुनीता दीदी, राममनी, नीतू देवी, अंशिका देवी, नेहा कुमारी, सरोज कुमारी, कमनी, मोहिनी, रामप्यारी, पूनम, पूजा, अर्चना, फुलकुमारी, धनपतिया दीदी समेत तमाम महिलाओं ने शिरकत की।

### कांग्रेस की विचारधारा से गांव गांव जाकर ग्रामीणों को कराया अवगत

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश कांग्रेस चुनावी मोड में आती नजर आ रही है।
यूपी कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने प्रियंका गांधी का संदेश लेकर गांव-गांव जाने का ऐलान किया है यूपी कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने 1500 गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 10 से 20 मार्च तक अभियान चलाया जाना है यूपी कांग्रेस भी 2017 और 2022 के यूपी चुनाव, 2014 और 2019 के आम चुनाव से सबक लेते हुए एक्टिव मोड में आ गई है।

# बागवानी योजना से किसान करें अपनी आय दोगुनी: डीएम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की मौजूदगी में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी में विधायक द्विवेदी ने कहा कि सब्जी, फूल की खेती से किसानों की आय दोगुनी हो सकती है।
शुक्रवार को कालूपुर स्थित मन्दाकिनी भवन में आयोजित किसान मेला गोष्ठी में कहा कि उद्यान विभाग से बीज भी दिए जा रहे हैं। जो अच्छी क्वालिटी के हैं सभी लोग इन बीजों का प्रयोग कर अपनी आय बढायें। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार किसानों की आय दोगनी करने के कार्य कर रही है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि दो दिवसीय बागवानी विकास योजना उद्यानिकी मिशन की परिकल्पना है। इसीलिए गेहूं, धान व सामान्य फसलें से आगे बढ़कर खेती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फल, फूल की खेती कर सकते हैं, ताकि अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। उद्यान विभाग कई योजना चला रहा है। इरिगेशन से पाइप व ट्रैक्टर भी दिये जा रहे हैं।
वैज्ञानिक खेती करें, ताकि किसान की आय में बढ़ोतरी हो। जिले के आसपास जिलों में एफपीओ के माध्यम से सब्जी व मिर्ची का सप्लाई की जा रही है। जो एक अच्छा कार्य के साथ किसान आय में बढ़ोतरी कर रहे हैं।
इस मौके पर शिवपूजन, छेदीलाल, लालेंद्र सिंह, रामशरण, जवाहरलाल को अंग वस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गोष्ठी मेला में दिवाकर सिंह को मिनी ट्रैक्टर दिया गया। गोष्ठी का संचालक शिव कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, कृषि उपनिदेशक राजकुमार, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक गनीवां डॉ चंद्रमणि त्रिपाठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता रवि प्रकाश त्रिपाठी समेत किसान मौजूद रहे।

### मानिकपुर में खेली गई फूलों की होली



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर आदवासी कल्याण केंद्र में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार द्विवेदी ने होली मिलन समारोह में फाग के साथ फूलों की होली खेली गई।
होली मिलन समारोह में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्र, पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी, भाजपा नेता रवि त्रिपाठी, राजीव द्विवेदी, सच्चिदानंद द्विवेदी, सतीश द्विवेदी, मोहम्मद फारुख, प्रमोद त्रिपाठी, घनश्याम पांडे, लवलेश तोमर, दीपक उपाध्याय, विकास कनौजिया, राकेश सिंह, मानस कोटेदार, रामकेश यादव, धर्मेंद्र द्विवेदी, लखनलाल मिश्र समेत सैकड़ों की तादाद में कस्बे के संभ्रांत नागरिक एकत्र होकर फाग और होली का आनंद लिया। भोजन करके अपने घरों को रवाना हुए।

# उप श्रम आयुक्त को मिली चार्जशीट, दो प्रवर्तन अधिकारी हुए मुख्यालय सम्बद्ध

## विधायक अनिल प्रधान की पहल लाई रंग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले के श्रम प्रवर्तन कार्यालय में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए प्रवर्तन अधिकारी को हटाकर मुख्यालय से अटैच किया है। कंप्यूटर ऑपरेटर पर भी गाज गिरी है।
ज्ञात है कि सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने श्रम प्रवर्तन कार्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवा योजन अधिकारी ने जांच में पाया था कि श्रम कार्यालय में पात्रों को पैसा न देने, मातृत्व एवं शिशु लाभ, शादी अनुदान, मृतक कामगार योजना की पत्रावलियां निरस्त करवाने की जांच की मांग विधायक ने की थी। विधायक ने नियम 51 के तहत विधानसभा में भी छह दिसंबर को सवाल उठाये थे।
कानपुर श्रम आयुक्त कार्यालय ने जांच करवाते हुए उप श्रम आयुक्त अजय मिश्रा ने श्रम अधिकारी चित्रकूट अरुण तिवारी व पूर्व में तैनात रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी



दुष्यंत कुमार को क्लीन चिट दे दी थी। सदर विधायक ने पुनः अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवा योजन में शिकायत कर इनके भ्रष्टाचार को उजागर किया था। पुनः जांच उप श्रमायुक्त कानपुर सुरेंद्र प्रसाद सिंह आईएएस एवं एक अन्य अधिकारी ने की थी। शिकायतकताओं के पक्ष को सुनकर जांच टीम ने दोनों श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी व दुष्यंत कुमार के खिलाफ पर्याप्त भ्रष्टाचार के सबूत पाए। शासन के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण तिवारी एवं पूर्व में तैनात रहे दुष्यंत कुमार को तैनाती स्थलों से हटाकर मुख्यालय संबद्ध करने का आदेश जारी किया है। प्रवर्तन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात जगतराम कुशवाहा की तत्काल सेवा समाप्ति के आदेश जारी किये हैं।
पूर्व में जांच करने वाले अजय मिश्रा को चार्ज शीट दी गई है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि जांच टीम की भेजी गई रिपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। अभी केवल उपरोक्त दोनों श्रम प्रवर्तन अधिकारी को तैनाती स्थल से हटाकर मुख्यालय संबद्ध किया गया है। उनके प्रयास होंगे कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों का निलंबन किया जाए। इसके लिए वे पैरवी करेंगे, ताकि जिले में हो रहे बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार में लगाम लग सके।

### सब ए बारात व होली पर पुलिस प्रशासन का कई संस्थाओं ने व्यवस्था दिखाने मे किया सहयोग

**गाजियाबाद। सब** ए बारात व होली एक ही दिन पड़ने पर पुलिस प्रशासन का कई संस्थाओं ने व्यवस्था दिखवाने में बखूबी सहयोग किया। जिसमे समाज सुधार ट्रस्ट, दो रोटी बैंक, गरीब ग्रुप समाज व शान सामाजिक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल रहे।
सभी ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए सब ए बारात व होली की व्यवस्था दिखवाई वहीं दोनो समाज के लोगो के लिए एक अच्छा संदेश भी दिया।

# कांग्रेसियों ने संस्थानों को बेंचने पर रोक की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेंचने के विरोध में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।
शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेसी भाजपा सरकार के अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति की ओर ध्यान खींच रहे हैं।
गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है।



एसबीआई, एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने को मजबूर कर रही है, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के करोड़ों रुपए की बचत जोखिम में पड जाये। कांग्रेस हमेशा देश के गरीब और मध्यम वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को कांग्रेस बर्दास्त नहीं करेगी। सार्वजनिक संस्थानों में देश के करोड़ों गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के खून पसीने की कमाई लगी हुई है। उन्हें किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत हाथों में नहीं सौंपा जाना चाहिए। कांग्रेस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि इस संबंध में केंद्र सरकार को अपने स्तर से निर्देश देने का कष्ट करें, ताकि देश के करोड़ों गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के हितों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके।
इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, वरिष्ठ नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद एड, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, प्रदेश सचिव सेवादल शिवगुलाम वर्मा, मानवेंद्र सिंह पटेल, अरूण कुमार गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन ओमप्रकाश गुप्ता, सविता आदि कांगेसी मौजूद रहे।

## नेपाल के पूर्व मंत्री बद्री प्रसाद न्यौपाने को नौ साल कैद की सजा

**काठमांडू।** नेपाल की विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के दोषी ठहराए जा चुके देश के पूर्व मंत्री बद्री प्रसाद न्यौपाने को नौ साल के जेल की सजा सुनाई है। विशेष अदालत ने 28 फरवरी को न्यौपाने व अन्य को काठमांडू के भृकुटीमण्डप की जमीन को पट्टे पर देने के मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया था। विशेष अदालत के फैसले के मुताबिक 2 करोड़ 3 लाख 68 हजार 803 नेपाली रुपये का अर्थदंड न जमा करने पर न्यौपाने को छब महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। पूर्व मंत्री टेक बहादुर गुरुंग को शराबी पाए जाने पर एक करोड़ 21 लाख 84 हजार 401 नेपाली रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। गुरुंग निलंबित सांसद हैं। विशेष अदालत ने 28 फरवरी को भृकुटीमण्डप जमीन घोटाले में दो पूर्व मंत्रियों समेत सात लोगों को दोषी करार दिया था। समाज कल्याण परिषद के तत्कालीन उपाध्यक्ष प्रमोद मेहता, तत्कालीन कोषाध्यक्ष कुंजबिहारी प्रसाद चौधरी, तत्कालीन सदस्य हरि न्यौपाने, मोहनराज शर्मा, मदन कुमार लाल कर्ण, तत्कालीन सदस्य सचिव रवींद्र कुमार को भी कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई है।



## इंडोनेशिया में भूस्खलन में अब तक 30 की मौत, कई लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुदूर नतुना द्वीप में भीषण भूस्खलन से 30 लोगों की मौत हो गई। अभी कई लोग लापता हैं। भूस्खलन के बाद बचावकर्मियों ने मलबे में दबे लोगों को निकालने के बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। बचावकर्मी अब तक 30 लोगों के शव बरामद कर चुके हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दक्षिण चीन सागर के किनारे नतुना क्षेत्र में एक दूरस्थ द्वीप पर जेंटिंग गांव में मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन में 30 मकान मलबे में दब गए थे। जेंटिंग गांव में बचाव व खोज अभियान चलाया जा रहा है।

नतुना की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख अब्दुल रहमान ने बताया कि खोज एवं बचाव कार्य में एजेंसी, पुलिस और सेना के 700 से अधिक बचावकर्मियों जुटे हैं। भूस्खलन के मलबे में दबे मकानों में अभी 24 और लोगों के फंसे होने की आशंका है। रहमान ने एक वीडियो बयान में कहा कि मौसम में सुधार की वजह से हम और शव बरामद कर सके। राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी के प्रमुख सुहरयांतो ने बताया कि आठ लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर तेज बारिश होने के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है। सुहरयांतो ने कहा कि हम लापता लोगों का पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्वान दस्ते का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जकार्ता और आसपास के द्वीपों से बचाव दल, चिकित्सा दल और तंबू, कंबल तथा भोजन सहित राहत सामग्री लेकर दो हेलीकॉप्टर और कई जहाज यहां पहुंचे। सुहरयांतो ने बताया कि सोमवार को हुए भूस्खलन में करीब 1300 लोग बेघर हो गए, जिन्होंने अस्थाई आश्रय स्थलों में पनाह ली है।

## जापोरिजिया परमाणु संयंत्र को फिर बिजली ग्रिड से जोड़ा गया



**कीव।** यूक्रेन में यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को बिजली आपूर्ति के लिए दोबारा ग्रिड से जोड़ दिया गया है। यहां रूसी मिसाइलों के लगातार हमले के बाद संयंत्र को बिजली ग्रिड से आपूर्ति बंद कर दिया गया था। बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनर्गो ने बताया कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र को बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है और संयंत्र में लगे जेनरेटर को बंद कर दिया गया है। अब तक जापोरिजिया परमाणु संयंत्र डीजल चालित जेनरेटर के भरोसे था। इससे पहले यूक्रेन के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि रूसी मिसाइल की वजह से पारेषण लाइन को नुकसान पहुंचा है।

# संयुक्त राष्ट्र में पाक को भारत की खरी-खरी : आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी हैं, अच्छे या बुरे नहीं

**न्यूयॉर्क।** वैश्विक मंचों पर अपनी आदतों से बाज न आने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने खरी-खरी सुनाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ में वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति के समीक्षा प्रस्ताव पर भारत ने साफ कहा कि आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होते हैं, अच्छे या बुरे नहीं। भारत ने चेताया कि आतंकी घटनाओं की मंशा को आधार बनाकर आतंकवाद को बांटना बेहद खतरनाक है और इससे दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ चल रही मुहिम प्रभावित होगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति की आठवीं समीक्षा से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने आतंकवादी कृत्यों के पीछे की मंशा के आधार पर आतंकवाद के वर्गीकरण की प्रवृत्ति को खतरनाक और स्वीकृत सिद्धांतों के खिलाफ बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत सिद्धांतों में साफ कहा गया है कि आतंकवाद की अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद के किसी भी कार्य के लिए कोई औचित्य नहीं हो सकता है।

रुचिरा ने इस बात पर जोर देकर कहा कि सभी प्रकार के आतंकी हमले निंदनीय हैं, चाहे वह हमले इस्लामोफोबिया का परिणाम हों या सिख विरोधी, बौद्ध विरोधी या हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह से किये जाएं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नई शब्दावली और झूठी प्राथमिकताओं के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है, जो आतंकवाद के संकट से निपटने के अपने




फोकस को कमजोर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे या बुरे आतंकवादी नहीं हो सकते। इस तरह का दृष्टिकोण हमें केवल 9/11 के पूर्व के युग में वापस ले जाएगा, जिसमें आतंकवादियों को आपके आतंकवादी और मेरे आतंकवादी के रूप में बांट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि ने दक्षिणपंथी उग्रवाद, अति दक्षिणपंथी या अति वामपंथी उग्रवाद जैसे शब्दों पर भी आपत्ति जताई। कहा कि इस तरह के शब्द निहित स्वार्थों द्वारा इन शर्तों के दुरुपयोग के लिए द्वार खोलता है। इसलिए, हमें विभिन्न प्रकार के वर्गीकरण प्रदान करने से सावधान रहने की आवश्यकता है, जो लोकतंत्र की अवधारणा के खिलाफ ही हो सकता है। रुचिरा ने पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को शरण देने वाले देशों को चिन्हित कर उनके कार्यों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**भारत ने फिर उठाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की आवाज**

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की आवाज उठाई है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी व अस्थायी, दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग करते हुए भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता देने की बात भी जोरदार ढंग से रखी।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अंतर्सरकारी संवाद पर विशेष समूह की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि सुरक्षा परिषद में विस्तार के बाद ही विकासशील देशों को भी वैश्विक निकाय में आवाज मिल सकेगी। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी रूप से शामिल करने और इसकी स्थायी और अस्थायी श्रेणियों का विस्तार ही एकमात्र रास्ता है, जिससे सुरक्षा परिषद की फैसले लेने की ताकत और समकालीन भू राजनीति की हकीकत को एकसाथ मिलाया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद को अधिक जवाबदेह और भरोसेमंद बनाने का एकमात्र रास्ता इसका विस्तार ही है।

## पहले से ज्यादा ताकतवर शी जिनपिंग तीसरी बार बने चीन के राष्ट्रपति

**बीजिंग।** पहले से ज्यादा ताकतवर हुए शी जिनपिंग तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बन गए हैं। शुक्रवार को आधिकारिक रूप से तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से अपना दायित्व संभाल लिया। इसके साथ ही जिनपिंग को चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन का अध्यक्ष भी चुन लिया गया है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग लगातार तीसरी बार वहां राष्ट्रपति बनने वाले पहले नेता हैं। पिछले साल अक्टूबर में चीन की पीपल्स पार्टी के वार्षिक अधिवेशन में शी जिनपिंग को एक बार फिर चीन का सर्वोच्च नेता चुना गया था। इसके बाद शुक्रवार को उन्हें तीसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने की औपचारिकता पूरी गयी। अब सोमवार को शी जिनपिंग अपनी



पार्टी की संसदीय बैठक को संबोधित करेंगे। सोमवार को ही चीनी राष्ट्रपति पत्रकारों से बातचीत भी करेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में ही चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने एक योजना की जानकारी दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि कम्युनिस्ट पार्टी सरकार पर अपना सीधा नियंत्रण बढ़ाने वाली है। अक्टूबर में हुई कम्युनिस्ट पार्टी की सालाना कांग्रेस में ही शी जिनपिंग ने अपनी नई टीम का चुनाव भी किया था। जिसके तहत ली कियांग को चीन का नया प्रधानमंत्री चुना गया था। साथ ही ली शी, डिंग जुएक्सियांग और काई क्यूई को भी जगह दी गई है।

शी जिनपिंग के सत्ता में आने से पहले चीन के राष्ट्रपति पांच साल के दो कार्यकाल या अधिकतम 68 साल की उम्र तक ही राष्ट्रपति रह सकते थे लेकिन साल 2013 में सत्ता में आए शी जिनपिंग ने इस नियम को खत्म कर दिया। यही वजह है कि शी जिनपिंग 69 साल के होने और दो कार्यकाल सफलतापूर्वक कर लेने के बाद भी तीसरी बार देश के राष्ट्रपति चुने गए।

## नेपाल में राम सहाय यादव होंगे उप राष्ट्रपति पद के सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब उप राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने उप राष्ट्रपति चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के नेता रामसहाय प्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाने पर सहमति जताई है। जसपा की हुई बैठक में यादव को उप राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनाने का फैसला किया गया। इससे पहले



सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों की बैठक में उप राष्ट्रपति पद के लिए जसपा उम्मीदवार को समर्थन देने पर सहमति बनी थी। रामसहाय प्रसाद यादव बारा संसदीय क्षेत्र के सांसद हैं। पिछले साल हुए संसदीय चुनाव में वह इस सीट से दूसरी बार निर्वाचित हुए थे। उनके उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद बारा संसदीय क्षेत्र पर उपचुनाव कराया जाएगा। पिछले संसदीय चुनाव में पराजय का स्वाद चखने वाले जसपा अध्यक्ष उपेंद्र यादव को इस सीट से उम्मीदवार बनाने की तैयारी है। उपेंद्र यादव को सीके राउत ने सप्तरी निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2 से संसदीय चुनाव में हराया था। उल्लेखनीय है कि उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए 17 मार्च को मतदान होगा। इस चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की अंतिम तारीख 13 मार्च है।

## जर्मनी: हैम्बर्ग के चर्च में गोलीबारी, सात की मौत, कई घायल

**बर्लिन।** जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के एक चर्च में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। जानकारी के मुताबिक जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के अलस्टरडॉर्फ क्षेत्र के ग्रॉस बोरस्टेल जिले में डेलबोगे स्ट्रीट में स्थित यहोवा विटनेस चर्च में देरशाम अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट गूंज उठी। अचानक हुई गोलीबारी से वहां अफरातफरी मच गई। इस आपाधापी में मौके पर ही सात लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी कि बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को मौके पर तैनात किया गया है। आसपास रहने वाले निवासियों को घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई है।पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हमलावर के फरार होने के अभी कोई संकेत नहीं हैं। यह भी पता लगाने की कोशिश हो रही है कि हमलावर मृतकों में तो नहीं शामिल है। बताया गया कि हमलावर



ने लगातार 12 राउंड फायर किया। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक स्थानीय समयानुसार रात नौ बजे के बाद पुलिस को गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को कई लोगों के शव मिले और कई लोग गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस के पहुंचने तक भी ऊपर से गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही थी। जब पुलिस अधिकारी ऊपर गए तो उन्हें एक और व्यक्ति मृत मिला।

## भारत-पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत को अमेरिका का समर्थन

**वाशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीति के द्वार पुनः खोलने के लिए अमेरिका ने समर्थन की बात कही है। अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत का समर्थन करता है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से चले आ रहे विवादों को हल करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि विवादों के समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक पहल होनी चाहिए और इस कूटनीति का अमेरिका समर्थन करता है।

अमेरिका की भूमिका स्पष्ट करते हुए नेड प्राइस ने कहा कि अमेरिका एक भागीदार के रूप में किसी भी तरह से उचित लगने वाली प्रक्रिया का समर्थन करने का इच्छुक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में निर्णय भारत और पाकिस्तान द्वारा स्वयं लिया जाना है। नेड प्राइस ने कहा बातचीत या कूटनीतिक पहल के तौर-तरीकों पर कोई भी फैसला



या शुरुआत करने में संयुक्त राज्य अमेरिकी की भूमिका नहीं है। भारत और पाकिस्तान के जुड़ाव के तरीकों का निर्धारण इन दोनों देशों को ही करना है।

## संयुक्त राष्ट्र ने बताया तालिबान का अफगानिस्तान बना महिलाओं के लिए सबसे दमनकारी देश

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान महिलाओं और लड़कियों के लिए दुनिया का सबसे दमनकारी देश बन गया है। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद महिलाओं को उनके मूलभूत अधिकारों तक से वंचित कर दिया गया है। सभी महिलाएं अपने घरों में कैद होकर रह गई हैं।

अफगानिस्तान के संबंध में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने अंतरराष्ट्रीय का कड़ा विरोध किया है।उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया कि तालिबानी शासन के तहत अफगानिस्तान महिला अधिकारों



के लिए दुनिया का सबसे दमनकारी देश बन चुका है। वह चरणबद्ध तरीके से जानबूझकर महिलाओं को पूरी तरह से सार्वजनिक दायरे से बाहर करते जा रहे हैं। रोजा इसाकोवना ने कहा कि तालिबान ने महिलाओं के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने से रोक दिया है। साथ ही उन्हें सिर से पांव तक ढक कर रखने को कहा है। महिलाओं को अपने घर के बाहर निकलने की मनाही है और वह किसी भी सार्वजनिक फैसले में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। तालिबानी शासन के इस रवैये से यह देश और अलग-थलग पड़ता जाएगा और विश्व के अन्य भाग से कट जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार अफगानिस्तान में पिछले साल के अंतिम तिमाही में महिला रोजगार में 25 प्रतिशत की गिरावट आ गई थी, चूंकि तालिबान ने उन पर काम करने और यात्रा करने को लेकर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। अफगानी महिलाओं पर शिक्षा ग्रहण करने और एनजीओ के कार्य करने पर भी प्रतिबंध है।

विश्वविद्यालय की शिक्षा पर प्रतिबंध को लेकर तालिबान सरकार का कहना है कि कुछ विषय अफगान और इस्लामी मूल्यों के खिलाफ हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 1.16 करोड़ अफगान महिलाओं और लड़कियों को मानवीय सहायता की जरूरत है।बसाना चाहती है। इससे संघर्ष और बढ़ेगा। एक बहुत बड़ा खतरा फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के हमलों का भी है। इसका भी विरोध किया जा रहा है।

## इमरान खान सहित चार सौ पीटीआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोपों में मामला दर्ज

**लाहौर।** लाहौर पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख व पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के चार सौ अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मामला पार्टी की रैली के दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं के टकराव में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के जख्मी होने के मामले में सिलसिले में दर्ज किया गया है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) नीत गठबंधन की सरकार ने अपने 11 महीने के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ यह 80वां मामला दर्ज कराया है। खान के आवास के बाहर जमा पीटीआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस की बुधवार को की गई कथित कार्रवाई में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। खान समर्थकों को उनके आवास से न्यायपालिका के समर्थन में रैली निकालनी थी। पुलिस ने पीटीआई के एक सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार



किया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए पथराव में 11 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। उसमें कहा गया है कि पीटीआई के छह कार्यकर्ता भी जख्मी हुए हैं।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने कहा कि पार्टी के मृत कार्यकर्ता के परिवार की शिकायत पर पुलिस कर्मियों और उनके आकाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, मगर पुलिस ने 70 वर्षीय खान और 400 अन्य के खिलाफ उसकी हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। प्राथमिकी में फवाद चौधरी, फारुख हबीब, हम्माद अज़हर और महमूदुर राशिद समेत पीटीआई के अन्य नेताओं को नामज़द किया गया है। पूर्व क्रिकेटर और राजनीतिक नेता खान ने सोशल मीडिया पर पीटीआई कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किए जाने संबंधी सामग्री साझा करते हुए कहा, बदमाशों के भ्रष्ट और जानलेवा गिरोह ने देश पर यह कहर ढाया है। उन्होंने हमारे संविधान, मौलिक अधिकार और कानून के शासन का उल्लंघन किया है। महिलाओं समेत बेगुनाह, निहत्थे पीटीआई कार्यकर्ताओं को पुलिस हिंसा और बर्बरता का निशाना बनाया गया है और एक कार्यकर्ता की हिरासत में मौत हुई है। पीटीआई ने ऐलान किया था कि वह पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह, पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) उस्मान अनवर और लाहौर के पुलिस प्रमुख बिलाल सिद्दीक काम्याना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराएगी। इस बीच, जमां पार्क के बाहर पुलिस की पीटीआई कार्यकर्ताओं के साथ हुई झड़प की जांच के लिए पंजाब के आईजीपी ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत-अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला समझौता पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में चीन की मनमानी खत्म करने के लिए भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के साथ एक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए यह समझौता हुआ है। इसके साथ ही भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और निवेश को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने और नवाचार भागीदारी पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक भारत और अमेरिका ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन और विविधीकरण पर एक सहयोगी तंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की है। इससे पहले पीयूष गोयल ने अमेरिका की वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो से यहां मुलाकात की। मंत्रालय के मुताबिक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और इनोवेशन पार्टनरशिप की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन भारत के ढांचे के तहत यूएस कमर्शियल डायलॉग पर नई दिल्ली में आयोजित कमर्शियल डायलॉग 2023 के बाद दोनों देशों के बीच ये हस्ताक्षर किए गए हैं।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो पीयूष गोयल के निमंत्रण पर चार दिन की भारत यात्रा पर हैं। भारत-अमेरिकी वाणिज्यिक संवाद एक सहकारी उपक्रम है, जिसमें निजी क्षेत्र की बैठकों के साथ-साथ दोनों सरकारों की आपस में नियमित बैठकें शामिल हैं। पिछली भारत-अमेरिका वाणिज्यिक स्तर की वार्ता फरवरी 2019 में आयोजित की गई थी। इसके बाद कोरोना महामारी के कारण इसे आयोजित नहीं किया जा सका था। उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों के बीच वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार में 2022 में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई।